54 वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2015-16

राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (निम्समे)
(सू.ल.म.उ. मंत्रालय भारत सरकार का संगठन, आईएसओ **9001-2008** प्रमाणित)
NATIONAL INSTITUTE FOR MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (ni-msme)
(An organisation of Ministry of MSME Govt. of India, An ISO 9001-2008 Certified)
यूसुफगुडा, हैदराबाद - **500045.** तेलंगाना.
Yousufguda, Hyderabad - 500045. Telangana.

54 वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2015-16

राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (निम्सmे)
(सू.ल.म.उ. मंत्रालय भारत सरकार का संगठन, आईएसओ **9001-2008** प्रमाणित)
NATIONAL INSTITUTE FOR MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (ni-msme)
(An organisation of Ministry of MSME Govt. of India, An ISO 9001-2008 Certified)
यूसुफगुडा, हैदराबाद - **500045.** तेलंगाना.
Yousufguda, Hyderabad - 500045. Telangana.

उद्यमिता संस्कृति की वृद्धि में
सहायता करने और सूलम उद्यमों का
विकास करने के लिए।

विषय सूची

1. संक्षिप्त विवरण

पृष्ठभूमि 01
प्रमुख उपलब्धियाँ : प्रशिक्षण 02
उत्कृष्ट अनुसंधान और परामर्श 02
ग्राहक 04

2. संस्था का प्रबंधन

संगठनात्मक स्वरूप 05
सांविधिक बैठकें 05
जनसेवाओं की गुणवत्ता के प्रति समर्पण 07
महत्वपूर्ण क्षेत्र 07
गतविधियाँ 08
उत्कृष्टता के स्कूल 09
बौद्धिक विकास सुविधाएँ 09
कर्मचारियों की संख्या 10

3. उपब्धियाँ 2015-16

समग्र कार्य-निष्पादन 11
प्रशिक्षण 12
अनुसंधान एवं परामर्श सेवा 28
प्रलेखन एवं प्रकाशन 31

4. राजभाषा का कार्यान्वयन 32

5. सिटीजन्स चार्टर और सूचना का अधिकार कानून 34

6. स्वच्छ भारत 35

7. राष्ट्रीय उत्सव और अन्य गतिविधियाँ

राष्ट्रीय उत्सव 37
अन्य गतिविधियाँ 39

8. अतिथि दीर्घा 42

9. अनुबंध

1. शासी परषिद के सदस्य 49
2. कार्यपालक परिषद के सदस्य 51
3. अधिकारियों के पते 52
4. महानिदेशक और संकाय दल 53
5. कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 56
6. स्थापना से लेकर कार्यप्रदर्शन के संकेतक 57
7. अंतर्राष्ट्रीय पूर्व प्रतिभागी 59

10. वित्तीय विवरण

1. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 63
2. 31 मार्च 2016 के अंत तक का तुलन-पत्र 67
3. आय एवं व्यय लेखा 68
4. प्राप्तियाँ और भुगतान 82

संक्षिप्त विवरण

पृष्ठभूमि

उद्भव : भारत सरकार ने तीसरी पंचवर्षीय योजना में लघु उद्योगों पर गठित कार्य समूह की सिफारिशों का पालन करते हुए अक्तूबर 1960 में **''केंद्रीय औद्योगिक विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (सीआईईटीआई)''** का गठन नई दिल्ली में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत केंद्र सरकार के विभाग के रूप में किया। स्थापना के समय सीआईईटीआई का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय लघु उद्योग संगठनों के साथ ही राज्य सरकारों के उद्योग विभाग के कर्मचरियों को प्रशिक्षण प्रदान करना था।

संस्था में रुपांतरण : वर्ष 1962 में सीआईईटीआई को हैदराबाद में स्थानांतरित कर एक स्वायत्त संस्थान के रूप में परिवर्तित किया गया और हैदराबाद सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत ''लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान'' (सिएट) के रूप में पंजीकृत किया गया। 30 जून 1962 को सीआईईटीआई को समाप्त किया गया और उसके सभी कार्यों का दायित्व में सिएट ने संभाल लिया।

उत्कृष्टता के केंद्र : लघु उद्योगों के विकास में सिएट के निरंतर किये गये प्रयासों का संज्ञान लेते हुए यूनीडो ने 1984 में अपनी सेंटर ऑफ एक्सलेंस योजना के अंतर्गत सिएट को उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में चीह्नित किया और उसे अपनी सहायता प्रदान की।

राष्ट्रीय दर्जा और नाम परिवर्तन : 30 अगस्त 1984 को सिएट का नाम परिवर्तित कर राष्ट्रीय लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (निसिएट) रख दिया गया। सू.ल.म.उ. अधिनियम 2006 का पालन करते हुए 11 अप्रैल 2007 से पुनः इसका नाम संशोधित कर राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान (**निम्समे**) रख दिया गया।

उद्यमों और उद्यमियो के लिए प्रशिक्षण संस्थान के रूप में अपनी स्थापना से लेकर **निम्समे** ने अपनी गतिविधियों का विस्तार करते हुए परामर्श, अनुसंधान, विस्तार और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं को भी अपने दायरे में समा लिया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम और कार्यकारियों को **निम्समे** में समकालीन विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का काफी लाभ मिला है।

पिछले कई वर्षों से **निम्समे** ने अपनी पहुँच समूचे विकासशील विश्व तक विस्तारित की है। अब तक 142 विकासशील देश इसकी प्रभावशीलता, ज्ञान और संसाधनों से लाभान्वित हो चुके हैं। संस्थान के कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं और समकालीन ज़रूरतों को ध्यान में रखकर इन्हें समय-समय पर उन्नत कियाा जाता है। हर वर्ष विश्वभर से लगभग 300 कार्यकारी इन कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और विभिन्न मेलों तथा संभावनाओं से लाभान्वित होते हैं। यह संस्थान यूनिडो, यूनेस्को, आईएलओ, कॉमन वेल्थ फंड फॉर टेक्निकल को-आपरेशन (सीएफटीसी), संयुक्त राष्ट्र बाल निधि (यूनिसेफ), एफ्रो-एशियाई रूरल रीसर्च आर्गनाइज़ेशन (एएआरआरओ) और एआरबी बैंक (घाना) तथा गिझ जैसे वैश्विक निकायों से भी जुड़ा हुआ है। संस्थान की ओर से विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तथा संस्थानों के साथ किये गये साझा प्रयासों के कारण इसके कार्य अधिक परिणामोन्मुख साबित हुए हैं।

निम्समे में मौजूद आधारभूत सुविधाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हैं। इन सुविधाओं से निम्समे की विशेषता और प्रत्येक गतिविधि को योग्य बनाने वाली स्वाभाविक उत्कृष्ठता का परिचय मिलता है। **निम्समे** ने वर्तमान परिदृश्य के अनुकूल अपनी कार्यक्षमता को बनाए रखने के लिए कुशलता एवं अनुकूलनशीलता की तकनीकियों को भी अपनाया है। इसकी अत्याधुनिक सुविधाएँ, सुहावना परिसर आधुनिक अकादमिक आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण सिद्ध कार्य-प्रणाली, अनुभवी संकाय, निपुण परामर्शदाता और विशेषज्ञ संसाधक इसे श्रेष्ठ बनाते हैं। इसके अतिरिक्त समकालीन और सृजनात्मक दृष्टिकोण से परिपूर्ण संस्थान का दशकों के अनुभव ने इस प्रकार की विशिष्टता से भरपूर सेवाओं को संभव बनाया है। निम्समे को प्रशिक्षण, अनुसंधान और विस्तार की सेवाएँ प्रदान करने वाले विश्वभर के सर्वोत्कृष्ट संस्थानों में से एक के रूप में पहचाना जाता है।

निम्समे चार्टर : प्रारंभिक चरण में संस्थान का प्राथमिक उद्देश्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (टीओटी) प्रदान करना था। आज देश की अर्थव्यवस्था में आधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास और गतिशीलता के परिप्रेक्ष्य में संस्थान की भूमिका का व्यापक और विस्तारित हो चुकी है। वर्तमान में **निम्समे** प्रशिक्षण के अलावा परामर्श, अनुसंधान, विस्तार और सूचना सेवाएँ भी प्रदान कर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के प्रारंभ ने **निम्समे** के विस्तारित परिदृश्य को सही अर्थ प्रदान किया है :

- सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यक्रमों के माध्यम से विशिष्ट मुद्दे पर विशेष ध्यान के साथ आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों पर खास ज़ोर।
- ग्राहक चलित पहुँच में प्रतिमान का स्थानांतरण और अभिनव अंतःक्षेप।
- मूल्यांकन अध्ययन और प्रकाशन

उद्योगों और उद्यमशीलता पर काफी अधिक ध्यान देने के साथ ही **निम्समे** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वर्तमान में महसूस की जा रही चुनौतियों को सुलझाने के लिए सहायता करने के अलावा उद्योगों के विकास में राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते रुझानों की ओर लगातार ध्यान आकर्षित कर रहा है। **निम्समे** विश्वभर में कार्यक्रमों का संचालन करने के मामले में अग्रस्थान पर है और अनोखे अध्ययनों में इसकी गतिशीलता ने इसे प्रशिक्षण, अनुसंधान और विस्तार के मामले में विश्व के प्रमुख सक्षमकर्ता के रूप में पहचान दिलाई है। **निम्समे** विभिन्न शेष अनुसंधान और परामर्श अध्ययनों के संचालन करने वालों के लिए मददगार है।

महत्वपूर्ण पड़ाव :

प्रशिक्षण कार्यक्रम

- भारत में पहली कार्यकारी प्रयोगशाला का गठन किया। (1964)
- लघु और मध्यम आकार के उद्योगों (एसएमई) के विकास के लिए पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। (1967)
- यूगांडा, नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, नाइजीरिया, सूड़ान, केमरून और घाना के साथ क्रेता से क्रेता लेन-देन। (2000-2007)
- बैंक ऑफ घाना के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (2006-08)
- 28 अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी विकास कार्यक्रमों का अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान, जिनमें से पाँच खास तौर पर अफ्रीकी देशों के लिए थे। (2007-08)
- सू.ल.म.उ. क्लस्टर विकास पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजन (2008)
- इंडिया-अफ्रीका फोरम सम्मिट के अग्रदूत के रूप में अफ्रीकी महिला कार्यकारियों के लिए आउटरीच कार्यक्रम। (2008)
- बांग्लादेश स्मॉल एंड कॉटेज इंडस्ट्रीज़ कार्पोरेशन (बीएससीआईसी) के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम। (2008-09)
- सू.ल.म. उद्यम मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम। (2009-10)
- पंजीकृत भवन निर्माता और अन्य निर्माण के श्रमिकों कौशल उन्नतीकरण कार्यक्रम। (2012-13)
- इंडिया-अफ्रीका फोरम सम्मिट के अंतर्गत अफ्रीकियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम।
- एनआईएफटीईएम के कार्यक्रम (2013-14)
- प्राकृतिक रंग द्रव्यों पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (2013-14)
- तनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम। (2014-15)
- उत्तर-पूर्वी राज्यों के अजा/ अजजा के युवाओं के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम।(2014-15)
- सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों (सुरक्षा कार्मिक) के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण और जेसीओस/ ओआर के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एससीएम) पर पुनर्वास प्रशिक्षण।
- सौर ऊर्जा पर उद्यमिता/ करियर अभिमुख प्रशिक्षण। (2015-16)
- पुष्प खेती में बांग्लादेश की महिला उद्यिमयों/ किसानों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम। (2015-16)
- सार्क देशों में दर मुक्ती बाधाओं (एनटीबी) और दर-मुक्ती मानदंडों (एनएमटी) के माहौल पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कोलम्बो (श्रीलंका), ढाका (बंग्लादेश) और भूटान, नेपाल में (2015-16)
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन : कौशल 2015 (2015-16)
- प्रशिक्षण नियमावली की रचना : सार्क क्षेत्र में शुल्क मुक्ती मानदंड और शुल्क मुक्ती की बाधाएँ (2015-16).

अन्य

- लघु उद्योग राष्ट्रीय प्रलेखन केंद्र (सेन्डॉक) नामक सूचना केंद्र की स्थापना की गई। (1971)
- तंज़ानिया की सरकार को लघु उद्योग विकास संगठन (सिडो) की स्थापना में सहायता की। (1974)
- गुवाहाटी में एक क्षेत्री. केंद्र के रूप में शाखा की स्थापना की। (1979)
- आत्मनिर्भरता की प्राप्ति (2001-02)
- बौद्धिक संपदा अधिकार सुविधा केंद्र (आईपीएफसी) की स्थापना । (2009)
- स्वर्ण महोत्सव मनाया। (2013-14)

उत्कृष्ट अनुसंधान और परामर्श अध्ययन

- प्रो. डेविड मैक्लेलैंड के साथ काकीनाड़ा एक्सपिरमेंट के दौरान प्रोत्साहन उपलब्धियों में पथप्रदर्शक अनुसंधान अध्ययन का संचालन किया। (1964)
- भारतीय उद्योग में सटीक प्रौद्योगिकियों की संकल्पना का विकास किया। (1969)
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) उद्यमियों के लिए केस स्टडीज़ और वीडियो डॉक्यूमेंट्रियों का निर्माण किया। (1986)

- एसआईएम एसआईएम पर पहले कम्प्यूटरीकृत सॉफ्टवेयर का निर्माण किया। (1987)
- परियोजना आकलन (अप्राइज़ल) और मूल्यांकन (सीएपीई) (1996)
- यूनेस्को चेयर (1997)
- अरुणाचल प्रदेश के वस्त्रोद्योग और हस्तशिल्प क्षेत्र में प्रौद्योगिकी - आर्थिक सुविधा अध्ययन। (2001)
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विशिष्ट संसाधन आधार के लिए परियोजना के अभिनिर्धारण के बारे में अध्ययन। (2003)
- मॉरशिस में महिला सशक्तीकरण पर विजन डॉक्यूमेंट (2003)
- मॉरिशस में लघु एवं मध्यम उद्यमों पर परियोजना रूपरेखा निर्माण (2004)
- लघु और मध्यम उद्यमों की आवश्यकताओं की जानकारी (2005)
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्लस्टरों के मार्गदर्शन, निगरानी और कार्यान्वयन (2004-2007)
- पारम्परिकउद्यमों के पुनर्निर्माण के लिए निधि योजना (स्फूर्ति) का मार्गदर्शन (2006 से)
- तमिलनाडु राज्य में एनबीसीएफडीसी की जारी योजनाों का मूल्यांकन । (2008)
- पुडुचेरी, गोवा और केरल में एनबीसीएफडीसी की योजनाओं का मूल्यांकन । (2009-10)
- भगवतुला चैरीटेबल ट्रस्ट (बीसीटी) द्वारा राजीव विद्या मिशन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टणम में संचालित स्कूलों के बारे में अभिनव और प्रयोगात्मक कार्यप्रणाली का मूल्यांकन। (2009-10)
- आम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना (एएचबीवाई) के अंतर्गत अधिक प्रभावी कार्यान्वयन के लिए मूल्यांकन अध्ययन। (2009-10)
- आवास निर्माण और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय (एमएचयूपीए), भारत सरकार के लिए प्रशिक्षण नियमावली का निर्माण। (2009-10)
- आवास निर्माण और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय (एमएचयूपीए) द्वारा प्रायोजित अनुसंधान अध्ययनों का कार्यान्वयन। (2009-10)
- हस्तशिल्प के लिए पारम्परिक पेंटिंग संसाधन केंद्र । (2010-11)
- आंध्र प्रदेश के 37 और केरल के 24 क्लस्टरों के लिए क्लस्टर संसाधन-सह-निगरानी एजेंसी। (2010-11)
- विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) द्वारा संचालित हस्तशिल्प निर्यात प्रोत्साहन (पैकेजिंग और निर्यात के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम) योजना का मूल्यांकन। (2013-14)
- गिझ के एमएसएमई अम्ब्रेला प्रोग्राम के भाग के रूप में भारत में व्यापार सदस्य संगठनों (बीएमओ) का क्षमता विकास। (2013-14)
- विकास आयुक्त (हथकरघा) द्वारा प्रायोजित पोचमपल्ली हैण्डलूम सेंटर का मूल्यांकन। (2013-14)
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, ओडिशा सरकार के ज़िला उद्योग केंद्रों के पुनर्निर्माण और पुनर्गठन पर मूल्यांकन अध्ययन। (2014-15)
- छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा ज़िले में आजीविका आय सृजन एनएमडीसी-सीएसआर के लिए आधारभूत सर्वेक्षण। (2014-15)
- असम, केरला, लक्षद्वीप और तेलंगाना राज्यों में प्रधानमंत्री रोज़गार गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त इकाइयों की 100% भौतिक जाँच। (2014-16)
- ओडिशा सरकार के ज़िला उद्योग केंद्रों (डीआईसीएस) और क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्रों (आरआईसीएस) के पुनरुद्धार के लिए अध्ययन। (2014-16)
- एपसेट के लिए सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन। (2015-16)
- एनएमडीसी के लिए संगठनात्मक माहौल और कर्मचारियों की संतुष्टी के बारे में अध्ययन (2015-16)
- खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के केआरडीपी क्लस्टर कार्यक्रम के अंतर्गत गोंदिया, नागपुर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का निर्माण (2015-16)
- हरिहर खादी क्लस्टर, दावनगेरे (कर्नाटक), कोत्तूर इकत हथकरघा बुनकर क्लस्टर, नलगोंडा (तेलंगाना) पेड़ना कलमकारी ब्लॉक क्लस्टर, पेड़ना (आंध्र प्रदेश), कोंडापल्ली वुडक्राफ्ट क्लस्टर, विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), पेम्बर्ती मेटलवेयर क्लस्टर, वरंगल (तेलंगाना) और ईज़ा गद्वाल सिल्क क्लस्टर महबूबनगर (तेलंगाना) के लिए सॉफ्ट इंटरवेंशन (2015-16)
- हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में एनबीसीएफडीसी की प्रशिक्षण योजनाओं का मूल्यांकन अध्ययन। (2015-16)

निम्नलिखित तालिका में वर्ष 1962-63 से 2015-16 की अवधि में संचालित कार्यक्रमों प्रशिक्षित कुल प्रतिभागियों की संख्या और पूरी की गई अनुसंधान एवं परामर्श परियोजनाओं की संख्या दर्शाई गई है।

तालिका 1 : वर्ष 1962-63 से 2015-16 के दौरान संचालित कुल कार्यक्रम	
प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या	14,034
प्रशिक्षित सहभागियों की संख्या	4,62,393
अनुसंधान और परामर्श कार्यक्रम	909

प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या में आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों अतिरिक्त क्रमशः वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय द्वारा टीसीएस को - प्लान और आईटीईसी। एससीएएपी के अंतर्गत प्रायोजित नामितों के लिए खास तौर पर संचालित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग ले चुके 142 विकासशील देशों के 9,133 कार्यकारी भी शामिल हैं।

संस्थान के ग्राहक

तालिका क्र. 2 : निम्समे के महत्वपूर्ण ग्राहक	
केंद्रीय मंत्रालय/ विभाग	**राज्य सरकारें**
सूलम उद्यम मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्यम मंत्रालय खाद्यान्न प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय विदेश मंत्रालय वित्त मंत्रालय भवन निर्माण एवं शहरी विकास मंत्रालय वस्त्र मंत्रालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आर्थिक सहायता एवं विकास निगम	आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघायल, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल तथा अंदमान एवं निकोबार। **राज्यों के निकाय/ स्वायत्त निकाय** आंध्र प्रदेश भवन निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्य श्रमिक कल्याण बोर्ड औद्योगिक विकास निगम वित्त निगम राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान
बैंक	**निगम**
रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक नाबार्ड एक्ज़िम बैंक सभी राष्ट्रीयकृत बैंक और वाणिज्यिक बैंक	एचडीएफसी केयर हॉस्पिटल्स एनएमडीसी एचपीसीएल एनटीपीसी **गैर सराकारी संगठन** : बैक्सिस, एपीएमएएस, उद्योग संगठन
शिक्षा संस्थान	**अंतर्राष्ट्रीय संगठन**
कृषि विज्ञान केंद्र जन शिक्षण संस्थान	गिज़, एएआरडीओ, आईएएफएस, एआरबी बैंक ऑफ घाना, बीएससीआईसी, आईएलओ, यूनिडो

संस्था का प्रबंधन

संगठनात्मक स्वरूप

निम्समे का गठन भारत सरकार द्वारा संस्था के नियमों और विनियमों के तहत किया गया। संस्था के कार्यों के कार्यों का संचालन भारत सरकार द्वारा संस्था नियम और विनियम के नियम 22 (क और ख) के तहत गठित शासी परिषद के प्रबंधन, प्रशासन और निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

श्री कलराज मिश्र, माननीय केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार **निम्समे** संस्था के अध्यक्ष हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव शासी परिषद के उपाध्यक्ष तथा कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं। भारत सरकार के अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) कार्यकारी समिति के उपाध्यक्ष हैं। श्री एम. चंद्रशेखर रेड्डी, संस्था के महानिदेशक हैं। शासी परिषद और कार्यकारी समिति के सदस्यों की सूची क्रमशः **अनुबंध 1 और 2** में दी गई है। महानिदेशक **निम्समे** के अकादमिक और कार्यकारी प्रमुख हैं। वे शासी परिषद और कार्यकारी समिति के निर्देशों के मार्गदर्शन के अनुसार कार्य करते हैं। अकादमिक गतिविधियों का आयोजन उत्कृष्टता के विभिन्न अकादमिक स्कूलों के माध्यम से किया जाता है और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संपूर्ण प्रशासन के प्रमुख हैं और महानिदेशक के मार्गदर्शन के अनुसार कार्य करते हैं।

सांविधिक बैठकें

शासी परिषद और वार्षिक सामान्य सभा (एजीएम)

शासी परिषद की 9 वीं बैठक का आयोजन 8 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शासी परिषद के पदेन अध्यक्ष एवं **निम्समे** संस्था के अध्यक्ष मा. श्री कलराज मिश्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार ने की। इस बैठक में उपस्थित रहे अन्य सदस्यों में डॉ. अनूप के. पुजारी, भा.प्र.से., सू.ल.म. उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, शासी परिषद के पदेन उपाध्यक्ष और **निम्समे** संस्था के पदेन उपाध्यक्ष, डॉ. भारती एस. सिहाग, भा.प्र.से. एवं वि.स., श्री सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी, भा.प्र.से. सहायक सचिव एवं विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.), श्री बी.एच. अनिल कुमार, भा.प्र.से., संयुक्त सचिव (ए.एंड.आर), श्री मनोज जोशी, भा.प्र.से. संयुक्त सचिव (लघु एवं मध्यम उद्यम), श्री ए.के. झा, आईईएस, सीईओ, केवीआईसी, श्री रविंद्रनाथ, मुख्य प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, श्री पी. सत्यनारायणा, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम), ग्रामीण गैर कृषि क्षेत्र, नाबार्ड, श्री रमेश धर्माजी, मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंध निदेशक के प्रतिनिधि, सिडबी, लखनऊ शामिल थे।

श्री टी. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक, आंध्रा बैंक, नई दिल्ली मुख्य प्रबंध निदेशक, आंध्रा बैंक, हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करते हुए, श्री हेमंत मेहतानी, पूर्व अध्यक्ष उद्योग संघ, इंदौर मध्य प्रदेश तथा श्री अनूप कुमार, बेसिक्स, माइक्रो फाइनांस, लाइवलीहुड़ इन्स्टीट्यूट, हैदराबाद एवं अन्य मनोनीत सदस्य भी इस बैठक में उपस्थित थे।

कार्यपालक समिति

अधिदेश के अनुसार संस्थान की भविष्य की गतिविधियों में सुधार और आधारभूत संरचना के बारे में निर्णय लेने के अलावा पिछली बैठकों में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के लिए समय-समय पर बैठकों का आयोजन करती है। कार्यपालक समिति की 17 वी बैठक 3 नवम्बर 2015 हैदराबाद में हुई।

निम्समे की संगठनात्मक रचना



जनसेवाओं की गुणवत्ता के प्रति समर्पण

संस्थान का उद्देश्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारियों के साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम सेवा प्रदाओं के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों अथवा संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना है। यह उद्यमों के विकास और विस्तार के लिए कार्यकारी अनुसंधान कार्यक्रमों, परामर्श परियोजनाओं का कार्य हाथ में लेकर उन्हें कार्यान्वित करता है। युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों से संबंधित जानकारी अपने ग्राहकों और आम नागरिकों को प्रदान करता है।

संस्थान सभी नागरिकों और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों को पारदर्शिता एवं सौजन्य के साथ प्रभावपूर्ण सहायता प्रदान करता है। संस्थान परियोजनाओं के संचालन और नीतियों की समीक्षा के दौरान अपने ग्राहकों साझेदारों द्वारा दी जाने वाली व्यक्तिगत अथवा व्यवसाय संबंधी जानकारी की गोपनीयता अति उच्च स्तर तक बनाई रखता है।

शिकायत प्रकोष्ठ

जन शिकायत समाधान में पारदर्शिता एवं निगराणी प्रणाली लागु करने के उद्देश्य से **निम्समे** ने एक शिकायत प्रकोष्ठ तथा सूचना एवं सहायता केंद्रों का गठन किया है। जनशिकायतें संस्थान के प्रबंधन प्रणालियों और नीतियों की कार्यक्षमता एवं प्रभावशीलता को आंकने के पैमाने का काम करती हैं, जबकि शिकायत प्रकोष्ठ और प्रशासन के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों के काउंटर इन शिकायतों का समाधान करने के उद्देश्य से स्थापित किये गये हैं। शिकायतों की सुपुर्दगी शिकायत प्रकोष्ठ में की जा सकती है और जानकारी सुविधा केंद्रों से प्राप्त की जा सकती है। पतों का विवरण अनुबंध २ में दिया गया है। अनुबंध 3

मुख्य क्षेत्र

औद्योगीकरण के माध्यम से आर्थिक विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए और उपलब्ध विशेषज्ञता के आधार पर **निम्समे** ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचन की है, जिन्हें प्राधान्य देना तथा उनके बारे में अन्वेषण करना आवश्यक है।

- उद्यमिता विकास
- प्रौद्योगिकी का उन्नतीकरण और हस्तांतरण
- नीतिगत मामले
- गैर सरकारी संगठनों का नेटवर्क
- पर्यावरण के ध्यान योग्य पहलु
- क्लस्टर विकास
- कौशल विकास
- गुणवत्ता प्रबंधन सेवाएँ परामर्श
- गुणवत्ता प्रबंधन
- वित्तीय सेवाएँ
- सूचना सेवाएँ
- बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर)

उद्यम प्रोत्साहन और उद्यमिता विकास निम्समे के मुख्य रूप से उभारे जाने वाले कार्यों में शामिल हैं। संस्थान ने निम्नलिखित क्षेत्रों की कार्यनिर्वाह क्षमताओं में विकास किया है :

- उद्यम सृजन को सक्षम बनाना
- उद्यम विकास और निरंतरता के लिए क्षमता निर्माण
- उद्यम संबंधी ज्ञान का सृजन, विकास और प्रसार
- नीतियों सुसूत्रीकरण के लिए निदानात्मक और विकास अध्ययन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रसार तथा विकास में गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला शामिल रहती है, जिसे समुचित रूप से और सही समय पर चलाया जाना चाहिए। **निम्समे** यह सुनिश्चित करता है कि अपने अनुभवों का उद्यमियों को लाभ मिलना चाहिए और उनके उद्यमों की वृद्धि एवं सफलता में योगदान दिया जाना चाहिए। **निम्समे** गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला का संचालन करता है : राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों के लिए नियमित सामग्री के प्रकाशन के अलावा प्रशिक्षण सर्वेक्षण, अध्ययन, परामर्श, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ।

संस्थान के प्रयासों का दायरा निम्नलिखित आलेख में दिखाया गया है :



गतिविधियाँ

संस्थान की गतिविधियों की जानकारी पूर्व खंड में दी गई है, जिसमें मुख्य रूप से (अ) प्रशिक्षण, (आ) अनुसंधान एवं परामर्श, (इ) सूचना सेवाएँ शामिल हैं। राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारियों के लिए प्रशिक्षण घोषित एवं प्रायोजित कार्यक्रमों के अतिरिक्त संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के माध्यम से भी दिया जाता है।

निम्समे द्वारा वर्ष 2009-10 से मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता योजना का भी कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना में युवाओं को उद्यमिता तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न चीह्नित और अनुमोदित व्यवसायों के प्रशिक्षण की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में संलग्न प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है।

राष्ट्रीय कार्यक्रम

घोषित : **निम्समे** द्वारा भारत तथा अन्य विकासशील देशों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास के लिए विभिन्न नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है । विभिन्न विषयों के बारे में संचालित किये जाने वाले यह पाठ्यक्रम ग्राहक संगठनों की आवश्यकता के अनुसार एक से दो सप्ताह तक की अवधि वाले होते हैं। संस्थान शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी उनके कौशलों में निखार लाने के लिए सूचना सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यक्रमों का भी संचालन करता है। प्रायोजक संगठनों के कार्यकारियों अथवा कर्मचारियों के लाभ के लिए भी सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

प्रायोजित : ग्राहक संगठनों के निवेदन के अनुसार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम संस्थान परिसर में अथवा संस्थान के परिसर से हटकर अन्यत्र भी आयोजित किये जाते हैं। विभिन्न जिलों अथवा राज्यों के लघु उद्योग संघों द्वारा प्रायोजित अथवा बताये गये उद्यमियों और उद्योगपतियों को उनके द्वारा बताये गये स्थानों पर प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

विकासशील देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दीर्घावधि पाठ्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है। सीएफटीसी, विदेश मंत्रालय, आईएलओ और यूनिडो, बांग्लादेश स्मॉल एंड कॉटेज इंडस्ट्रीज़ कार्पोरेशन (बीएससीआईसी) एवं गिज़ जैसे प्रायोजक संगठनों के निवेदन पर विशिष्ट रूप से निर्मित कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

संगोष्ठियाँ और कार्यशालाएँ

संगोष्ठियाँ और कार्यशालाएँ शीर्षस्थ कार्यकारियों और अधिकारियों के लिए नया उत्साह प्रदान करने वाले होते हैं, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से संबंधित समकालीन मुद्दों पर जानकारी देते हैं।

अनुसंधान और परामर्श

निम्समे को अनुसंधान अध्ययनों का संचालन करने का काफी गहन अनुभव है, जो संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने में काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है। अब तक आयोजित अनुसंधान परियोजनाएँ लघु उद्योगों के प्रबंधन, विस्तार, विकास और प्रोत्साहन के लघु एवं दीर्घ पहलुओं से संबंधित थे।

मूल्यांकन, निरूपण, प्रभाव, समस्या पहचान, निदान एवं समस्या समाधान के मार्ग, बर्ताव संबंधी पहलु, विपणन और अन्य प्रबंधकीय पहलुओं, आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि अनुसंधान गतिविधियों के कारण **निम्समे** अपने ग्राहकों को लगातार सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

सूचना और ग्रंथालय सेवाएँ

निम्समे के सेन्डॉक को घरेलु स्थितियों के बारे में व्यापक डेटाबेस के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसरों, व्यापार संबंधी पूछताछ, नियामक प्रणालियों आदि के बारे में डेटाबेस मुहैया कराने के लिए काफी उचित रूप से मज़बूत किया गया है, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए बहुमूल्य है। यह डेटाबेस भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संघों को ऑनलाइन भी मुहैया किया जाता है।

संस्थान की ग्रंथालय सेवाओं का लाभ कार्य समय के दौरान प्राप्त करने के साथ ही कार्यसमय से पूर्व और बाद भी ग्रंथालय सदस्य बड़ी संख्या में उठा रहे हैं।

प्रकाशन

निम्समे द्वारा अपनी अकादमिक गतिविधियों के हिस्से के अंतर्गत अनुसंधान त्रैमासिक सेडमे का प्रकाशन किया जाता है। संस्थान द्वारा पुस्तकों के साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में नियमावलियों का भी प्रकाशन किया जाता है, जो प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्री की कमियों की पूरक होती हैं। इसके अलावा हर माह एक समाचार बुलेटिन का भी प्रकाशन किया जाता है, जिसमें पिछले माह में सम्पन्न गतिविधियों की जानकारी होती है।

उत्कृष्टता के स्कूल

निम्समे की गतिविधियों का संचालन चार स्कूलों के माध्यम से चलाया जाता है, जसिनमें से प्रत्येक स्कूल अपने अधीनस्त केंद्रों और प्रकोष्ठों ते माध्यम से मूल विषय पर ध्यान केंद्रित कर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। **निम्समे** के संकाय सदस्यों का दल **अनुबंध-4** में दिया गया है। चार स्कूलों की जानकारी निम्नलिखित तालिका में दी गई है :

उद्यम विकास स्कूल (सेड)

- उद्योग नियोजन और विकास केंद्र (सी-आईपीडी)
- **निम्समे** गैर सरकारी संगठन नेटवर्क (एनक्यूब)
- नीति अनुसंधान केंद्र (सी-पीआर)
- राष्ट्रीय सू.ल.म.उ. क्लस्टर विकास संसाधन केंद्र (एनआरसीडी)
- पारम्परिक पेंटिंग के लिए संसाधन केंद्र (आरसीटीपी)

उद्यम विस्तार स्कूल (सी)

- उद्यमिता और औद्योगिक विस्तार केंद्र (सीईआईई)
- महिला अध्ययन प्रकोष्ठ (डब्ल्यूएससी)
- परामर्श और सलाह केंद्र (सी-सीसी)

उद्यम सूचना एवं संचार स्कूल (सिक)

- संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (सी-सीआईटी)
- राष्ट्रीय लघु उद्योग प्रलेखन केंद्र (सेन्डॉक)

उद्यम प्रबंधन स्कूल (सेम)

- आधुनिक प्रबंधन आचरण प्रेत्साहन केंद्र (सी-पाम्प)
- बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र (आईपीएफसी)
- पर्यावरणीय संज्ञान केंद्र (सी-ईको)
- औद्योगिक ऋण और वित्तीय सेवा केंद्र (सी- सीआईएफएस)

बौद्धिक विकास सुविधाएँ

अपनी स्थापना से लेकर **निम्समे** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सेवाएँ प्रदान कर रहा है। **निम्समे** की बौद्धिक गतिविधियों का संचालन इसके उत्कृष्टता के चार स्कूलों द्वारा उनके अधीनस्त ग्यारह केंद्रों, जिनमें दो विशिष्ट विषय पर आधारित और विशिष्ट शिक्षण के लिए समर्पित दो प्रकोष्ठ भी शामिल हैं, के माध्यम से किया जाता है।

ये स्कूल अपने आप में अंतर विषयी स्वरूप के हैं, जो खास तौर पर प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श, शिक्षण, विस्तार और उनकी विशेषज्ञता से संबंधित उद्योग क्षेत्र के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं को भी खास महत्व देते हैं। जिनका लाभ संबंधित ग्राहक संगठनों, उद्यमियों, संघ नेताओं, सरकारी अधिकारियों, नौकरशाहों, जन-निजी-भागीदारी (पीपीपी) के कंपनी कार्यकारियों, प्रशिक्षकों को दिया जाता हैं।

प्रकृति की गोद में आधारभूत संरचना : किसी भी संगठन को बेहतर और प्रभावशील कार्यसंचालन की रूपरेखा प्रदान करने का काम आधारभूत संरचना करती है। **निम्समे** की सुविधाएँ वृक्ष संपदा से परिपूर्ण कई एकड़ों पर फैले क्षेत्र पर फैली हुई हैं, जो विश्व स्तर पर सर्वोत्कृष्ट के रूप में पहचाने जाने वाले स्थानों में से एक है। शिक्षण और प्रशिक्षण सुविधाओं के अलावा संस्थान बेहतर ग्रंथालय सुविधा भी प्रदान करता है, जिसमे चौबीसों घंटे इंटरनेट की सुविधा और संदर्भ सह वाचन कक्ष सुविधा शामिल है। विस्तीर्ण

और अत्यंत आधुनिक वातानुकूलित कक्षाओं, सम्मेलन सभागृहों और अत्याधुनिक अनदेशात्मक तथा कार्यात्कम उपकरण, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी पाठ्यक्रमों के लिए वर्तमान युग के अनुकूल विशिष्ट सॉफ्टवेयरों से युक्त कम्प्यूटरों, अत्याधुनिक लैपटॉप और अनुदेशात्मक उपकरणों के कारण **निम्समे** में पढ़ाई एक सुखकर अनुभव महसूस होता है। संस्थान की आधारभूत सुविधाओं में शामिल हैं :

- सभागृह : 350 लोग बैठने की क्षमता
- सम्मेलन कक्ष : 125 लोग बैठने की क्षमता
- 18 व्याख्यान कक्ष : प्रति 30-40 लोग बैठने की क्षमता
- सहायक सेवाओं के साथ संकाय सदस्यों के कार्य केंद्र

अतिथि कक्ष भवन समूह : संस्थान के साफ-सुथरे और आरामदेह अतिथि कक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हैं, जिनमें 260 से भी अधिक अतिथियों के ठहरने का प्रबंध है। इस भवन समूह में साफ-सुथरी और स्वास्थ्यकर खान-पान की भी व्यवस्था है। यहाँ पर उपलब्ध क्षुधावर्धक व्यजनों के कारण यह भवन समूह सहभागियों के लिए अपने घर दूर रहने पर भी अपने ही घर का अहसास दिलाता है। अतिथ्य सत्कार शाखा की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

- तीन भोजन कक्षों की सुविधा के साथ बहु व्यंजन शैली युक्त भोजनालय
- आवास सुविधा - 140 कमरे, जिनमें 280 लोगों को ठहराया जा सकता है।
- अतिथि तथा सहभागियों के लिए वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित कमरों में ठहरने का इंतज़ाम किया जाता है।
- अतिथि अति विशिष्ट हस्तियों तथा उच्चाधिकारियों को विशेष कमरों के सेट।
- सभी कमरे टीवी, वाई-फाई तथा टेलीफोन सुविधाओं से परिपूर्ण हैं।

क्लोज्ड सर्किट कैमेरे : निम्समे परिसर में लगातार निगरानी रखने के लिए सीमित मॉनिटर सेट के साथ क्लोज्ड सर्किट (सीसी) कैमेरों का इंतज़ाम कुछ अहम स्थानों पर किया गया है।

खेल-कूद : निम्समे परिसर में सहभागियों के उपयोग के लिए जॉगिंग ट्रैक और जिम की सुविधा उपलब्ध है। संस्थान में टेनिस और फुटबॉल (आउट डोर खेल) तथा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और कैरम के रूप में इंडोर खेलों की सुविधा भी उपलब्ध है।

चिकित्सा देखभाल : संस्थान में एक फिजिशियन एक विशिष्ट समयावधि के दौरान उपलब्ध रहता है तथा स्वास्थ्य संबंधी मामलों को सुलझाने के लिए फोन पर 24/7 घंटे उपलब्ध रहता है।

मनोरंजन सुविधाएँ : एम्पीथिएटर **कलांगन** सहभागियों के मनोरंजन कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए और सहभागियों की सृजनात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मंच है।

म्यूज़िंग्ज एक अन्य आउटडोर स्थान परिसर में उपलब्ध है, जो ऊँचे पेड़ों से घिरा है और जलसों के आयोजन के लिए अनुकूल है। **उत्सव** इंडोर अथवा आउटडोर कार्यक्रमों या फिर सामाजिक सम्मेलनों के लिए एक अनोखा स्थान है। **हर्बल विस्टा** में कई तरह की औषधि ओर सुगंधी वनस्पतियों का काफी बेहतर रखरखाव किया जा रहा है, जिनका सभी आगंतुक प्राकृतिक माहौल में आनंद उठा सकते हैं।

जल प्रक्रिया संयंत्र : कैंटीन के सबसे ऊपरी माले पर जल प्रक्रिया संयंत्र स्थापित किया गया है। इस संयंत्र की स्थापना परिसर में स्थित भवनों में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों के साथ संस्थान के सभी कर्मचारियों को शुद्ध पेयजलापूर्ति करने के उद्देश्य से की गई है।

पार्किंग : परिसर में दो नई सुविधाएँ शामिल की गई हैं, जिनमें नये प्रशिक्षण भवन से भोजनालय समूह (डायनिंग ब्लॉक) को जोड़ने वाले एक आच्छादित पदचालन पथ (वाक वे) तथा चौपहिया और दुपहिया वाहनों के लिए आच्छादित पार्किंग स्थल शामिल हैं। संयोगवश परिसर की ज़मीन को भी समतल बनाकर भूमि के स्वरूप के अनुसार उसे क्रमबद्ध किया गया है।

कर्मचारियों की संख्या

31 मार्च 2016 तक की संस्थान के कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गई है। वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त हुए संस्थान के कर्मचारियों का विवरण **अनुबंध-5** में दिया गया है।

तालिका 3 : 31 मार्च 2016 तक की कर्मचारियों की संख्या

समूह	मंजूर पद	पदों पर भर्ती	रिक्त पद
क	23	08	15
ख	06	04	02
ग	96*	54	42
कुल	125	66	59

* एक पद मंत्रालय द्वारा दी गई सलाह के अनुसार खत्म किया गया है।

उपलब्धियाँ 2015-16

समग्र कार्यनिष्पादन

लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान के रूप में स्थापना से लेकर संस्थान वार्षिक आवर्ती और अनावर्ती व्यय के लिए भारत सरकार पर निर्भर था।

व्यय सुधार आयोग द्वारा 5 वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के अनुसरण और भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार संस्थान ने आय के नये स्रोतों की पहचान की, जो संस्थान को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हुए। परिणामस्वरूप संस्थान वर्ष 2001-02 से अपने अवर्ती व्यय स्वयं वहन कर रहा है। हालाँकि व्यय की पूर्ति करने के लिए विशिष्ट उद्देश्यों के लिए एक मुश्त अनुदान और प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता योजना (एटीआई) के अंतर्गत पूर्व निर्धारित घंटों के आधार पर मंत्रालय द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

निम्समे अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों के अलावा मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता योजना (एटीआई)के अंतर्गत हर वर्ष अनुमोदित और प्रदान किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करने के साथ ही अनुसंधान और परामर्श अध्ययन आदि का संचालन करता है। बीते वर्ष में संचालित गतिविधियों और पूर्व वर्ष की गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका - 4 : गतिविधियाँ

गतिविधियाँ	2015-16			2014-15		
	कार्यक्रम	प्रशिक्षु	आय (लाख रु.में)	कार्यक्रम	प्रशिक्षु	आय (लाख रु.में)
(अ) एटीआई योजना के अंतर्गत कार्यक्रम	1075	31874	2430.45	1599	47136	4070.52
(आ) **एटीआई के अलावा**						
1. राष्ट्रीय कार्यक्रम	862	27267	1463.58	488	21585	1248.65
2. अंर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	21	357	395.70	17	351	439.40
3. संगोष्ठियाँ और कार्यशालाएँ	36	2390	67.29	58	3624	15.65
4. अनुसंधान एवं परामर्श	24	--	210.88	09	--	14.76
5. अन्य	--	--	347.91	--	--	263.40
पूर्ण योग (आ) एटीआई के अलावा	**943**	**30014**	**2485.36**	**572**	**25560**	**1981.86**
कुल योग	**2018**	**61888**	**4915.81**	**2171**	**72696**	**6052.38**

कार्यक्रम



सहभागी



वर्ष 2015-16 में कुल 2018 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये, जबकि कुल जबकि कुल सहभागियों की संख्या 61,888 थी। इसकी तुलना में वर्ष 2014-15 में 2171 कार्यक्रम संचालित किये गये, जबकि सहभागियों की संख्या 72,696 थी। कार्यक्रमों तथा सहभागियों की संख्या में कमी मुख्य रूप से मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015-16 में एटीआई योजना के अंतर्गत कम कार्यक्रमों को मंजूरी देने के कारण रही।

वित्तीय उपलब्धियाँ : संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुल 4915.81 लाख रुपये की आय का सृजन किया जिसकी तुलना में पिछले वर्ष 2014-15 में 6052.38 लाख रुपये की आय का सृजन किया गया था। आय में हुई यह गिरावट मंत्रालय द्वारा एटीआई योजना के अंतर्गत उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रमों में की गई कटौती के कारण आयी। हालाँकि एटीआई के अतिरिक्त गतिविधियों में 6 5% की बढ़ोतरी दर्ज हुई, जबकि वर्ष के दौरान इसमें 2 4% तक वृद्धि दर्ज की गई।

गतिविधियों से आय



समग्र प्रदर्शन



प्रशिक्षण

संचलित गतिविधियाँ : वर्ष के दौरान मंत्रालय की एटीआई योजना के माध्यम से 864 राष्ट्रीय कार्यक्रम, 36 संगोष्ठियाँ और कार्यशालाएँ तथा 1075 कार्यक्रमों का संचालन किया गया। इनमें कुछ निम्नलिखित अनुच्छेदों में दर्शाये गये हैं।

राष्ट्रीय कार्यक्रम

केरल के अधिकारियों के लिए अधिष्ठापना कार्यक्रम

- केरल सरकार के उद्योग विस्तार अधिकारियों के लिए सू.ल.म. उद्यम विस्तार के बारे में छह सप्ताह के अधिष्ठापना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल से 31 मई 2015 के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में केरल सरकार के तीस कार्यकारियों ने भाग लिया।

- केरल सरकार के 30 उद्योग विस्तार अधिकारियों के लिए 4 सप्ताह के अधिष्ठापना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 4-29 जनवरी 2016 के दौरान संस्थान परिसर में किया गया।

पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के लिए सू.ल.म. उद्यमों के बारे में प्रशिक्षण

प. बंगाल सरकार के राज्य उद्योग अधिकारियों के लिए सू.ल.म. उद्योगों पर एक सप्ताह के पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन 1-5 फरवरी 2016 के दौरान किया गया। यह कार्यक्रम सू.ल.म. उद्यम निदेशालय, प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न इलाकों के 15 अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शामिल किये गये मुद्दों में मुख्य रूप से भारत और पश्चिम बंगाल में सू.ल.म. उद्यमों के प्रकार, विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) की योजनाएँ, निजी प्रभावशीलता, क्लस्टर विकास, निर्यात विपणन, परियोजना आकलन, संपूर्ण गुणवत्ता नियंत्रण और आईएसओ मानक, ज़िला उद्योग केंद्रों का पुनर्गठन तथा बौद्धिक संपदा अधिकार थे।

कयर बोर्ड के प्रबंधकों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम

कयर बोर्ड के प्रबंधकों के लिए दो दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन 25-16 सितम्बर 2015 को संस्थान में किया गया। इस कार्यक्रम में 37 अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कयर उद्योग के विकास के लिए वर्तमान कार्यनीतियों का स्वीकार और सॉफ्ट स्किल्स के विकास के अलावा नई अभिनव बाज़ार विपणन के साथ कयर उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए मार्गों की पहचान के बारे में जानकारी दी गई।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम

वर्ष के दौरान उद्यमिता विकास के बारे में 3 संकाय विकास कार्यक्रम, 4 महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम तथा 3 प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमिता विकास कार्यक्रम विभिन्न तिथियों पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये।

देश के विभिन्न स्थानों पर कर्नाटक सरकार के सार्वजनिक उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिए कार्यक्रम

(अ) कोलकाता में प्रभावी नेतृत्व गुणों के विकास के माध्यम से आपदा प्रबंधन

कोलकाता में 15-19 फरवरी 2016 के दौरान नेतृत्व गुणों के विकास के माध्यम से संकटकाल में प्रबंधन विषय पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

(आ) सीएसआर, कार्पोरेट गवर्नेंस और सूचना के अधिकार के बारे में पुडुचेरी में प्रशिक्षण

पुडुचेरी में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, कार्पोरेट गवर्नेंस और सूचना के अधिकार का नियोजन तथा कार्याचरण के बारे में एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 8-12 मार्च 2016 के दौरान किया गया।

एनएमडीसी के लिए कार्यक्रम

1. **निम्समे** द्वारा प्रबंधकीय उद्यमिता विषय पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में 29 जून से 4 जुलाई 2015 के दौरान किया गया। यह कार्यक्रम एनएमडीसी द्वारा प्रायोजित किया गया था तथा उनके मध्यम स्तर के कार्यकारियों के लिए प्रबंधकीय और उद्यमिता कौशलों को ग्रहण करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में भाग ले चुके प्रशिक्षुओं में 26 कार्यकारी शामिल थे, जिनमें उप महा प्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, वरिष्ठ महाप्रबंधक, प्रबंधक और उप महाप्रबंधक शामिल थे।

2. एनएमडीसी के बाचेली, किरंडुल, दोनीमलाई, पन्ना, नागरनार तथा कार्पोरेट कार्यालय के 25 कार्यकारियों के लिए एक अन्य बैच का आयोजन 24-30 सितम्बर 2015 के दौरान किया गया। संस्थान परिसर में एनएमडीसी के कुल 79 नये भर्ती हुए कार्यकारियो ने अधिष्ठापना प्रशिक्षण प्राप्त किया।

3. एनएमडीसी के नये भर्ती हुए अधिकारियों के लिए 24-30 सितम्बर 2015 के दौरान सात दिवसीय अधिष्ठापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर में एनएमडीसी के कुल 79 नये भर्ती हुए अधिकारियों ने अधिष्ठापना प्रशिक्षण प्राप्त किया।

4. एनएमडीसी के 89 कार्यकारियों के प्रशिक्षण के लिए एक अन्य बैच का आयोजन 2-4 नवम्बर 2015 के दौरान किया गया। इस आयोजन के 2 नवम्बर को आयोजित उद्घाटन समारोह में श्री नरेंद्र कोठारी चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (एनएमडीसी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

5. तीसरी बैच का आयोजन 20-22 जनवरी 2016 के दौरान किया गया, जिसमें 27 कार्यकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

सिंगरेणी कोलरीज़ के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

(अ) अधिकारियों के लिए परियोजना आकलन और वित्तीय विश्लेषण के बारे में कार्यक्रम

सिंगरेणी कोलरीज़ के अधिकारियों के लिए परियोजना आकलन और वित्तीय विश्लेषण के बारे में तीन दिवसीय विशेष रूप से निर्मित कार्यक्रम का आयोजन 03-05 सितम्बर 2015 के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना को व्यवहार्य बनाने के लिए खास तौर पर वित्तीय पहलुओं, संवेदनशीलता के विश्लेषण, मूल्य राशि लाभ विश्लेषण तथा वित्तीय अनुमान के साथ रिपोर्टिंग, भविष्य के बारे में नियोजन, पूर्वानुमान लगाना, दीर्घ भविष्य नियोजन आदि के बारे में जानकारी दी गई।

(आ) कार्पोरेट गवर्नेंस और सूचना का अधिकार अधिनियम

संस्थान परिसर में कार्पोरेट गवर्नेंस अधिनियम और सूचना का अधिकार अधिनियम के बारे में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 12-13 फरवरी 2016 के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में खदानों के 23 जन सूचना अधिकारियों ने भाग लिया।

पोर्ट ब्लेयर में व्यर्थ सामग्री के पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग) के बारे में प्रशिक्षण

दक्षिण अंदमान में लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 'व्यर्थ सामग्री की रिसाइकलिंग' विषय पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 4-9 मई 2015 के दौरान किया गया, जो उद्योग निदेशालय, मिडिल प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा प्रायोजित था। श्री आनंद प्रकाश, भा.प्र.से. मुख्य सचिव अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए द्वीप को कचरामुक्त बनाने के लिए नियोजनबद्ध ढंग से व्यर्थ सामग्री के व्यवस्थापन की आवश्यकता जताई। इस कार्यक्रम का लक्ष्य एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करना था, जिसमें व्यर्थ सामग्री के व्यवस्थापन को लाभकारी बना सके। इस दौरान सहभागियों से प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने की भी अपील की गई।

लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में व्यर्थ सामग्री की रिसाइकलिंग

लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में व्यर्थ सामग्री की रिसाइकलिंग विषय पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 से 27 नवम्बर के दौरान किया गया। यह कार्यक्रम कर्नाटक सरकार के सार्वजनिक उद्योग विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साझेदारों के साथ ही समुदाय में एसी व्यर्थ सामग्री की आवश्यकता के बारे में जागरूकता लाना था जिसका समय पर वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्थापन नहीं करने पर वह मानव जीवन के साथ ही पर्यावरण के लिए भी घातक सिद्ध हो सकती है।

कयर बोर्ड अधिकारियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम

कयर बोर्ड के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय आवासीय कार्यक्रम का आयोजन 6 तथा 7 जून 2015 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 37 अधिकारियों ने भाग लिया।

क्लस्टर विकास पर पुनश्चर्या कार्यक्रम

संस्थान परिसर में क्लस्टर विकास पर एक सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन 6 से 10 जुलाई 2015 के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारियों के लाभ के लिए किया गया, जिसमें स्फूर्ति कार्यक्रम के बारे में खास तौर पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के विभिन्न राज्यों में स्थित संभागीय कार्यालयों के 32 अधिकारियों ने भाग लिया।

पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन में वर्तमान आवश्यकताएँ : प्रक्रिया और कार्यप्रणालियाँ

पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) - प्रक्रिया आर कार्य प्रणालियाँ विषय पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में 20-22 जुलाई 2015 के दौरान किया गया।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, तमिलनाडु,मेघालय, दिल्ली एवं पोर्ट ब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार) के विकास एजेंसियों, परामर्श फर्मों आदि के उनतीस सहभागियों ने भाग लिया।

आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर स्थानांतरगमन (रिसेटलमेंट) प्रशिक्षण

- भारतीय सेना के ज्यूनियर कमिशन्ड ऑफिसर्स / ऑदर रैंक के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (सप्लाई चेन मैनेजमेंट) के बारे में 16 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिकंदराबाद स्थित ए.ओ.सी. पर 5 मई से 21 अगस्त 2015 के दौरान किया गया। मेजर जनरल रजनीकांत जग्गा, वीएसएम, जीओसी 54 इन्फंट्री डिवीजन इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं डॉ. एन. श्रीलक्ष्मी सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एओसी सेंटर के कमांडर ब्रिगेडियर दलीप सिंह इस कार्यक्रम के समन्वयक थे। इस कार्यक्रम में सेना के 40 अधिकारियों ने भाग लिया।

- भारतीय सेना के ज्यूनियर कमिशन्ड ऑफिसर्स / ऑदर रैंक के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन कार्यक्रमों की श्रृंखला का दूसरे बैच 4 जनवरी से 22 अप्रैल 2016 के दौरान चलाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानांतरगमन महानिदेशक, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के 23 सैनिकी अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

आंध्र प्रदेश के निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों के लिए विशेषीकृत कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर, पूर्व गोदावरी, कर्नूल, प्रकाशम एवं गुंटूर जैसे विभिन्न जिलों में भवन एवं निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों के लिए कौशल उन्नयन के 611 विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में कुल 18431 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का प्रायोजन आंध्र प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य बोर्ड द्वारा किया गया था।

सामाजिक न्याय एवं साधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अनु. जा. तथा अन्य पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क अध्यापन

अनु. ज.जा. के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क अनुशिक्षण सामाजिक न्याय एवं साधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कुल 50 अनु. जा./ अनु. ज.जा. के उम्मीदवारों को कम्प्यूटर प्रोग्राम तथा प्रशासनिक सेवाओं की प्रवेश परीक्षाओं के बारे में अनुशिक्षण प्रदान किया गया।

सौर प्रौद्योगिकी के बारे में उद्यमिता / करियर अभिमुख कार्यक्रम

संस्थान द्वारा आठ कार्यक्रमों का संचालन किया गया। बिजली के उपयोग लगातार हो रही बढ़ोतरी और पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों की महसूस की जा रही भारी कमी को देखते हुए नवीनीकरण ऊर्जा क्षेत्र ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में विभिन्न तरह के उद्यमिता और रोज़गार के अवसरों की लम्बी श्रृंखला मुहैया की है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महसूस किया है कि नवीनीकरण ऊर्जा खास तौर पर सौर ऊर्जा मेगावैट से गीगावैट की ओर बढ़ रही है। ऊर्जा बाज़ार में हो रहे इस स्थानांतरण को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने वर्ष के दौरान विभिन्न स्थानों पर आठ कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनके बारे में विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया जा रहा है:

क्र.सं.	कार्यक्रमों के संचालन की तिथियाँ	उपस्थित सहभागियों कीसंख्या	कार्यक्रमों के आयोजन स्थान
1	30-10-2015 से 01-11-2015	19	हैदराबाद, तेलंगाना राज्य
2	20-11-2015 से 22-11-2015	20	हैदराबाद, तेलंगाना राज्य
3	18-12-2015 से 20-12-2015	41	बैंगलूरू, कर्नाटक राज्य
4	09-01-2016 से 11-01-2016	17	गुड़गाँव,हरियाणा राज्य
5	15 to 17 January 2016	20	मुंबई, महाराष्ट्र
6	20 – 21 Feb 2016	28	नई दिल्ली
7	20 – 21 Feb 2016	21	मुंबई, महाराष्ट्र राज्य
8	27 – 28 Feb 2016	27	नई दिल्ली

मंत्रालय की एटीआई योजना के अंतर्गत कार्यक्रम

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय देशभर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्रोत्साहन दे रहा है, जिसका उद्देश्य स्वरोज़गार के अवसरों का सृजन करना तथा मौजूदा और संभाव्य उद्यमियों के संबंधित कौशलों का उन्नयन करना है। नये उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और नये उद्यमियों की उद्यम इकाइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय की ओर से विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

इस प्रकार की योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा वर्ष 2009-10 की अंतिम तिमाही में 'प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता' (एटीआई) योजना शुरू की गई, जिसका उद्देश्य नये उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के अलावा उन्हें नये उद्यमों की शुरुआत करने के लिए आवश्यक योग्यता से परिपूर्ण बनाना है। यह उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता विकास संस्थानों के माध्यम से उद्यमिता और कौशल विकास प्रशिक्षण मुहैया कर हासिल किया गया। इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए **निम्समे** ने एक स्वायत्त संस्थान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मंत्रालय द्वारा कुल 1075 कार्यक्रम अनुमोदित और आवंटित किये गये थे, जिनमें से वास्तव में 321 कार्यक्रम साझेदार संगठनों के माध्यम से संचालित किये गये, जिनमें 9,275 लाभार्थियों को, जबकि संस्थान द्वारा 754 कार्यक्रमों का संचालन किया गया, जिनमें 22, 599 लाभार्थियों को शामिल किया गया। इन कार्यक्रमों के संचालन से संबंधित कुल 2430.45 लाख रुपये की आर्थिक सहायता जारी की जा चुकी है।

कार्यक्रम और लाभार्थी : संस्थान द्वारा 2009-10 से 2015-16 के दौरान संचालित कार्यक्रम, प्रशिक्षित सहभागी तथा स्वरोज़गार अथवा वैतनिक रोज़गार ढूँढ लेने में सफल रहे प्रशिक्षितों की संख्या की निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गयी है।

कार्यक्रम (आंकडों में)	प्रशिक्षित (आंकडों में)	वर्ष	उपलब्धियाँ (सफलता दर)				
			वैतनिक रोज़गार प्राप्त		स्वरोज़गार प्राप्त		कुल %
			संख्या	%	संख्या	%	
07	170	2009-10	-	-	-	-	-
411	11,166	2010-11	3,041	27.23	2,619	23.46	50.68
536	15,390	2011-12	3,219	21.00	3,091	20.00	41.00
972	28,443	2012-13	7,394	26.00	5,398	19.00	45.00
1,045	30,910	2013-14	8,111	26.24	8,781	28.41	54.65
1,599	47,136	2014-15	10,358	21.97	6,358	13.49	35.46
1,075	31,874	2015-16	14,130	44.30	6,313	19.18	64.10

जॉब मेले : निम्समे द्वारा स्वयं तथा अपने साझेदार संगठनों के माध्यम से वर्ष के दौरान विभिन्न स्थानों पर करीब 83 जॉब मेलों का आयेजन किया गया।

जॉब मेलों का मुख्य विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

राज्य	आयोजित जॉब मेलों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या	उपस्थित उम्मीदवार	चयनित उम्मीदवार
आंध्र प्रदेश	13	74	6613	1218
तेलंगाना	4	103	9937	3434
तमिलनाडु	4	28	996	148
कर्नाटक	4	29	2768	1489
महाराष्ट	5	27	2148	910
ओडिशा	10	136	2994	676
केरल	42	348	24379	6397
उत्तर प्रदेश	1	27	3779	802
कुल	**83**	**772**	**53614**	**15074**

दावणगेरे (कर्नाटक) में दो दिवसीय महा जॉब मेले का आयोजन 23-24 अगस्त 2015 को दावणगेरे के जिला प्रशासन तथा रोज़गार और प्रशिक्षण विभाग, केवीटीएसडीसी, बैंगलुरू के साथ समन्वय में किया गया। मा. केंद्रीय सू.ल.म. उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र मुख्य अतिथि केरुप मेंउपस्थित थे, जबकि श्री जी.एम. सिद्धेश्वर, राज्य मंत्री, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सडी आवेदकों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने खुद के उद्यम शुरू करें और रोज़गार प्रदाता बनें।

मा. केंद्रीय सू.ल.म.उ. मंत्री श्री कलराज मिश्र ने देवरिया (उ.प्र.) में 26 एवं 27 मार्च 2016 को आयोजित दो दिवसीय जॉब मेले में भी भाग लिया। देवरिया में सम्पन्न यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था।

निम्समे परिसर में ज्ञान साझेदार जॉब्स डायलॉग डॉट कॉम के साथ 19-20 मार्च 2016 को एक जॉब मेले का भी आयोजन किया गया, जो भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), हैदराबाद द्वारा प्रायोजित था।

ई-लर्निंग

निम्समे ने प्रशिक्षण सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित पोर्टल **ई-लर्निंग** के रूप में बेहतर मंच मुहैया किया है। इस पोर्टल पर फैशन डिज़ाइनिंग, बेकरी उत्पाद, मूलभूत सिलाई और एम्ब्रॉयडरी कौशल, वेब डिज़ाइनिंग के मूलतत्व, कॉस्मेटोलॉजी एंड ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर परिचय (इंट्रोडक्शन टू कमप्यूटर्स), मैट्रिक्स ऑफ एम्प्लायबिलिटी, सफेद बटन मशरूम संवर्धन आदि जैसे विभिन्न व्यवसायों के बारे में ईलर्निंग मॉड्यूल उपलब्ध किये गये हैं। यह पोर्टल खास तौर पर महिला उद्यमियों को लक्ष्य रखकर तैयार की गई है, जो एक ऐसे मंच के रूप में भूमिका निभाती है, जहाँ पर वे यह पाठ्यक्रम सीख सकती हैं और घर पर बैठकर ही अपना करियर शुरू कर सकती है। इन पाठ्यक्रमों को वार्षिक आधार पर आद्यतन किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपना नाम इस पोर्टल पर पंजीकृत करवाना होगा । इन पाठ्यक्रमों को सीखने के इच्छुक उम्मीदवारों को पंजीकरण के लिए किसी भी तरह की शैक्षिक योग्यता की शर्त नहीं है। यदि कोई उम्मीदवार किसी एक पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करता है, लेकिन किसी अन्य पाठ्यक्रम के लिए भी अपना नाम दर्ज करना चाहता है, तो वह समान यूजर अकाउंट अर्थात समान लॉगइन और पासवर्ड से दूसरा पाठ्यक्रम भी निःशुल्क रूप से पढ़ सकता है।

प्राप्त की गई प्रगति : वर्ष के दौरान कुल 5,079 उम्मीदवारों ने अपने नाम पंजीकृत करवाये और 31 मार्च 2016 तक 4,051 उम्मीदवारों ने अपने पाठ्यक्रम पूरे किये। पंजीकृत और उत्तीर्ण उम्मीदवारों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

तालिका 5 : ई-लर्निंग प्रणाली में पंजीकृत उम्मीदवारों का विवरण

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	कुल पंजीकृत	कुल पूर्णकर्ता
01.	सफेद बटन मशरूम संवर्धन	317	266
02.	मैट्रिक्स ऑफ एम्ब्रॉयडरी	845	726
03.	कम्प्यूटर परिचय	1219	951
04.	मूलभूत सिलाई और एम्ब्रॉयडरी कौशल	123	79
05.	बेकरी उत्पाद	685	583
06.	वेब डिज़ाइनिंग के मूल तत्व	1192	995
07.	कॉस्मेटोलजी एंड ब्यूटीशियन	647	419
08.	होटल रिसेप्शनिस्ट	03	03
09.	कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग	05	04
10.	टैली ईआरपी 9	11	07
11.	सीएडी विथ प्रो-ई	03	02
12.	रीटेल मैनेजमेंट	06	03
13.	कम्प्यूटर नमरिकल कंट्रोल (सीएनसी)	06	03
14.	दोपहिया वाहन रखरखाव और मरम्मत	07	04
15.	खाद्य प्रसंस्करण	05	02
16.	फैशन डिज़ाइनिंग	05	04
	कुल	**5079**	**4051**

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

निम्समे द्वारा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ ही विदेशी प्रमोटरों और अधिकारियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से संबंधित प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श, विस्तार और सूचना सेवाओं के माध्यम से मूल्य वर्धित सेवाएँ मुहैया की जा रही हैं।

मुहैया किये जा रहे कार्यकारी विकास कार्यक्रम मुख्य रूप से विकासशील देशों के विभिन्न व्यवसायों के लिए तैयार किये गये हैं, जो विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय तकनीकी और आर्थिक निगम (आईटीसी)। स्पेशल कॉमन वेल्थ असिस्टंस फॉर अफ्रीका प्रोग्राम (एससीएएपी)/ एफ्रो-एशियन रूरल डेवलपमेंट ऑर्गनाइज़ेशन (एएआरडीओ)/ टेक्निकल को-ऑपरेशन स्कीम ऑफ कोलम्बो प्लान (टीसीएस ऑफ कोलम्बो प्लान) के तहत प्रायोजित किये जाते हैं। यह कार्यक्रम आठ से बारह सप्ताह की अवधि के होते हैं, जो चार चरणों में चलाये जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों को वर्ष के दौरान मुहैया किये गये कार्यक्रम निम्नलिखित है :

1. प्रथम चरण के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (12 सप्ताह) 10 अगस्त से 30 अक्तूबर 2015

1. अंग्रेज़ी में संभाषण कौशल और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का विस्तार
2. अंग्रेज़ी में संभाषण कौशल तथा पर्यटन और अतिथि सत्कार प्रबंधन

इन दो विभिन्न कार्यक्रमों में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित फेलोशिप के अंतर्गत कुल 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

2. चरण 2 के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (8 सप्ताह)

1. गरीब लोगों के लिए वैकल्पिक आजीविका अवसर मुहैया कराने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम, तथा
2. माइक्रो फाइनांस के माध्यम से उद्यम विकास

इन दो विभिन्न कार्यक्रमों में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई फेलोशिप के अंतर्गत 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

3. चरण 3 के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (8 सप्ताह)

1. उद्यमों के माध्यम से महिला साधिकारिता (ईडब्ल्यूई)
2. प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण की पद्धतियाँ और कौशल
3. संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन और आईएसओ 9001 : 2008/ 14001/22000/ 27000 और सिक्स सिग्मा (टीक्यूएम)
4. लघु और मध्यम उद्यम वित्तापूर्ति - पद्धतियाँ कार्यनीतियाँ (एसएमईएफएएस), और
5. लघु तथा मध्यम उद्यमों के विकास के लिए अभिनव कार्यपद्धतियाँ (आईएसएसडी)

इन पाँच कार्यक्रमों में कुल 99 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन सभी प्रतिनिधियों को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईटीसी। एससीएएपी। टीसीएस कोलम्बो प्लान और एएआरडीओ फेलोशिप के अंतर्गत प्रायोजित किया गया था।

4. चरण 4 - अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (8 सप्ताह)

1. सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा (पीओएमई)
2. कृषि और खाद्यान्न उद्यमों की योजना और बढ़ावा
3. उद्यमिता और कौशल विकास में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी-ईएसडी) और
4. पर्यटन तथा अतिथ्य सत्कार प्रबंधन (टीएचएम)

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई फेलोशिप के अंतर्गत विभिन्न देशों के प्रायोजित 77 प्रतिनिधियों ने इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

विशेष अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

बांग्लादेश के किसानों के लिए पुष्प खेती के बारे में प्रशिक्षण

संस्थान परिसर में 9-22 सितम्बर 2015 के दौरान दो सप्ताह के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एग्रीकल्चर वैल्यू चेन प्रोजेक्ट, डीएआई, यूएसएआईडी, बांग्लादेश द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा कक्षाओं में सैद्धांतिक जानकारी के सत्रों के अलावा न्यूनतम आवश्यकताओं के बारे में प्रदर्शन आधारित दौरों के माध्यम से जानकारी प्रदान करने का उद्देश्य ध्यान में रखकर की गई थी।

इस कार्यक्रम में कुल 10 सहभागियों ने हिस्सा लिया और इस बैच के लिए खास तौर पर एक दुभाषियों को नियुक्त किया गया था। इस समूह के लिए विभिन्न पुष्प उत्पादन प्रतिष्ठानों, नर्सरियों, ग्रीन हाउसों टिश्यू कल्चर इकाइयों तथा कर्नाटक और महाराष्ट्र के बिना पुष्प वाले साज-सज्जा के पौधों वाले खेतों के प्रदर्शन दौरे आयोजित किये गये।

इस समूह के सदस्यों ने अधिकारियों के साथ ही जरबेरा, गुलाब, मैरिगोल्ड, चमेली, गुलनार, लिलियम आदि उत्पादन करने वाले किसानों के साथ बातचीत भी की। प्रतिष्ठानों का दौरा कराने के अलावा इन सदस्यों को बैंगलूरू, पुणे और हैदराबाद के फूल बाज़ारों में फूलों का निर्यात करने के लिए कार्यरत पृथकीकरण केंद्रों और अंतर्राष्ट्रीय थोक बाज़ारों का दौरा कराया गया।

सार्क क्षेत्र में नॉन टैरिफ बैरियर्स एनवायरनमेंट पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की नियमावली

फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (बीएमज़ेड) की ओर से कार्यरत और अंतर्राष्ट्रीय विकास में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कंपनी जर्मन कार्पोरेशन फॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन (गिज़) के सहयोग से यह नियमावली तैयार की गई ।

दि फेडरेशन ऑफ चेंबर्स एंड कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ श्रीलंका (एफसीसीआईएल) द्वारा नेपाल के काठमांडू में स्थित सार्क ट्रेड प्रमोशन नेटवर्क के सहयोग से नॉन टैरिफ बैरियर्स (एनटीबीएस) तथा 'नॉन टैरिफ मेजर्स (एनटीएमएस) एन्वायरनमेंट इन सार्क रीजन' विषय पर श्रीलंका के कोलम्बो में 7-10 दिसम्बर 2015 और 29 फरवरी -1 मार्च 2016 के दौरान प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का सफलता पूर्वक आयोजन किया।

ढाका, बांग्लादेश में 10-13 जनवरी 2016
तथा 15-16 मार्च 2016 के दौरान

भूटान, नेपाल में 7-10 मार्च 2016 और 26-27 मार्च 2016 के दौरान

इस मॉड्यूल पर कार्यक्रम का संचालन करने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के भीतर व्यापार के लिए उभरती चुनौतियों के बारे में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था, ताकि वे भविष्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का आयोजन करने के लिए योग्य बन सकें, जिससे सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके, जिसके लिए एफसीसीआईएसएल अपना सहयोग प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम ने प्रशिक्षुओं को सार्क क्षेत्र में प्रबल होने वाले नॉन टैरिफ बैरियर्स तथा नॉन टैरिफ मेजर्स एन्वायरनमेंट के बारे में ज्ञान प्रदान किया और साथ ही उन्हें भविष्य में एक अच्छा प्रशिक्षक बनने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने हेतु अपने सॉफ्ट स्किल उन्नत करने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध हुआ।

बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर विशेष अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के टीसीएस कोलम्बो प्लान के तहत संस्थान परिसर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए 'बौद्धिक संपदा अधिकार प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का उपकरण' (आईपीसी एमएसएमईएस) विषय पर तीन सप्ताह के विशेष अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बांग्लादेश, श्रीलंका और मलेशिया के बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालयों तथा लघु और मध्यम उद्यम संगठनों में कार्यरत 9 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के विषयों में बौद्धिक संपदा अधिकार, उपयोगिता और महत्व, प्रलेखन और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पद्धतिय के मुद्दों को शामिल किया गया था।

निम्समे परिसर में आईटीईसी समारोह

निम्समे द्वारा अपने कलांगण में 10 दिसम्बर 2015 को शाम को आईटीईसी (इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन) के स्वर्ण महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री अरुम कुमार साहू, भाविसे, संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी विकास कार्यक्रमों के तीसरे चरण में शामिल 34 देशों के 99 सहभागियों ने शिरकत की।

आईटीईसी स्वर्ण महोत्सव के प्रारंभ में मुख्य अतिथि श्री साहू ने दीप प्रज्वलित कर समारोह को संबोधित किया। आईटीईसी के कार्यक्रम के महत्व की जानकारी देते हुए उन्होंने विकासशील देशों की आवश्यकताओं से संबंधित उसके उद्देश्यों को रेखांकित किया और आपसी लाभ के लिए अन्य देशों के साथ भारत के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में **निम्समे** के प्रयासों की भी सराहना की।

समारोह की झाँकियाँ

संगोष्ठियाँ और कार्यशालाएँ

निम्समे द्वारा विभिन्न राज्यों के उद्योग विभाग के अधिकारियों के अलावा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साझेदारों, सेवा प्रदातों और उद्यमियों के लिए विभिन्न विषयों पर 36 संगोष्ठियों, कार्यशालाओं का आयोजन किया। इनमें से कुछ की जानकारी नीचे दी गई है :

'नवीनीकृत स्फूर्ति' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

'नवीनीकृत स्फूर्ति' योजना के बारे में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन 8 मई 2015 को **निम्समे** एवं कयर बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

श्री सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी, भा.प्र.से. और संयुक्त सचिव(लघु एवं मध्यम उद्योग), सू.ल.म.उ. मंत्रालय, भारत सरकार इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कयर उद्योगों का क्लस्टरीकरण करना कारीगरों को पेशेवर जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने की कार्यनीति है। ग्रामीण कारीगर विभिन्न तरह के कार्य करने वाले कारीगर होते हैं। कुछ काम एक व्यवसाय का करते हैं, तो कुछ काम दूसरे का। हालांकि उत्पाद और उन्हें बनाने का तरीका उनके कौशल की प्रकृति के अनुरूप होना आवश्यक है। इसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण कयर कारीगरों को सहायता पहुँचाना है, जो बाज़ार का प्रत्यक्ष रूप से मुकाबला करने के कारण योजना के केंद्र में हैं। इस अभिसरण (कन्वरजेंस) में योजना के साथ ही पेशवर ज्ञान भी शामिल होना चाहिए। लाभ अर्जन के बारे में व्यावसायियों के लचीलेपन को स्फूर्ति की ओर अभिमुख किया जाना चाहिए। आर्थिक लाभ के माध्यम से अभिमुखीकरण को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है और विश्वास को मज़बूती के साथ स्थापित किया जा सकता है। इस योजना की अवधि खत्म होने से पूर्व क्लस्टरों को आत्मनिर्भर बनाया जाना चाहिए।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बौद्धिक संपदा (आईपी) जागरूकता

संस्थान परिसर में 30 जून 2015 को बौद्धिक संपदा जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 32 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें संभावित तथा मौजूदा उद्यमी शामिल थे। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी उद्यमियों को बौद्धिक संपदा की संकल्पनाओं तथा अंशों के बारे में परिचित कर उनमें अपनी बौद्धिक संपदाओं की रक्षा की पद्धतियों के बारे में जागरूकता लाना था, जिससे वे अपने उद्यमों को लाभाकारी इकाइयों में तब्दील कर सकें।

विश्व युवा कौशल दिवस

विश्व युवा कौशल दिवस (वर्ल्ड युख स्किल्स डे) का आयोजन संस्थान में 15 जुलाई 2015 को भारी उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षित तथा अपना खुद का उद्यम शुरू कर सफल हो चुके उद्यमियों के साथ एक जलसे का आयोजन किया गया ।

अपव्यय रहित विनिर्माण (लीन मैन्युफैक्चरिंग) योजना पर कार्यशाला

अपव्यय रहित विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता योजना (लीन मैन्यूफैक्चरिंग कम्प्यूटिटिवनेस स्कीम) के कार्यान्वयन के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्थान परिसर में 8 सितम्बर 2015 को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बून मैनेजमेंट कन्सल्टंट्स प्रा. लि. (बीएमसीपीएल), मुंबई के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों के बीच जागरूकता लाना तथा उन्हें तकनीकी सेवाएँ मुहैया कर योजना के कार्यान्वयन में सहयोग करना है। इस कार्यशाला में हैदराबाद प्रिंटिंग क्लस्टर और सिरसिल्ला टेक्सटाइल क्लस्टर के 50 उद्यमियों ने भाग लिया।

कौशलों के बारे में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

संस्थान परिसर में 19 एवं 20 नवम्बर 2015 को 'लाइफ स्किल्स एंड लाइवलीहुड स्किल्स - रियलाइजिंग एंड सस्टेनिंग क्लीन इंडिया' विषय पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आठ देशों से लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता कार्यप्रारूप (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन पर कार्यशाला

राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता कार्यप्रारूप (एनएसक्यूएफ) पर एक कार्यशाला का आयोजन संस्थान में 4 नवम्बर 2015 को किया गया, जिसमें **निम्समे** के 13 संकाय सदस्यों, परामर्शदाताओं, तथा समन्वयकों के साथ 22 साझेदार संस्थाओं के 25 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का प्रारंभ निम्समे के संकाय सदस्य श्री जी. जयकर राव ने स्वागत संबोधन के साथ किया। इसके बाद कार्यशाला की शुरुआत में **निम्समे** के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जी. पी. वल्लभ रेड्डी ने संबोधित करते हुए **निम्समे** के अलावा साझेदार संगठनों के लिए राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता कार्यप्रारूप की आवश्यकता की जानकारी देने के साथ ही 1 से 10 तक का कार्य प्रारूप के महत्व पर प्रकाश डाला।

भारतीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए), नई दिल्ली की सुश्री मोनिका मिश्रा ने सहभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता कार्यप्रारूप (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन तथा राष्ट्रीय कौशल विकास विकास एजेंसी की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता कार्यप्रारूप की संकल्पना में गुणवत्ता के प्रकारों, प्रमाणन शिक्षा परिणाम (एक्रिडिटेशन लर्निंग आउटकम), पूर्व अभ्यास मान्यता (आरपीएल), कार्यप्रदर्शन मानदंड, उद्योग प्रमाणन, कामकाज की भूमिका गुणवत्ता रजिस्टर शामिल है। अपने संबोधन के बाद उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब देने के अलावा उन्हें विस्तारपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। **निम्समे** को भी प्रत्यायन (एक्रिडेटिंग) निकाय बनाना प्रस्तावित है और इस बारे में राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी को सूचित किया जाएगा। **निम्समे** द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) योजना के अंतर्गत सभी व्यवसायों के लिए आवश्यक योग्यता के अपने मानदंडों के आधार पर आवेदन भर लेने की भी योजना बना रहा है। इस उद्देश्य के लिए एक कोर टीम का गठन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन श्री जयकर राव द्वारा किये गये धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

घातक व्यर्थ सामग्री प्रबंधन पर कार्यशाला

निम्समे के उद्यम विकास स्कूल (सेड) द्वारा 29-30 दिसम्बर 2015 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में औद्योगिक व्यर्थ सामग्री प्रबंधन' विषय पर किया गया। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) तथा

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान अभिगमन (ए2के+) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रायोजित था।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा लघु उद्यमियों में उनके उद्योगों में उत्पन्न व्यर्थ सामग्री के व्यवस्थापन के लिए उपयुक्त उपकरणों। संयंत्रों के उपयोग की आवश्यकता के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बनाई गई थी।

प्रधानमंत्री के रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के बारे में कार्यशाला

निम्समे परिसर में 18-19 जनवरी 2016 के दौरान दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के सहभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

ईएमई डिपो बटालियन, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों केलिए उद्यमिता और व्यापार के बारे में अभिविन्यास कार्यक्रम

- सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों के लाभ के लिए 13 अप्रैल, 13 मई, 12 जून और 10 जुलाई 2015 को एक दिवसीय पुनश्चर्या कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- 14 और 15 अप्रैल, 14 और 15 मई, 15 और 16 जून तथा 15 और 16 जुलाई 2015 को उद्यमिता के बारे में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रत्येक कार्यशाला में सेना के लगभग 20-30 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रदर्शनियों और मेलों में सहभागिता

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम डीईएफ प्रदर्शनी

यह प्रदर्शनी एक उद्योगी रक्षा उद्योग छावनी बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। यह मेला जहाज़, अभियांत्रिकी, धातुशोधन, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, वैमानिकी और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में राष्ट्रीय विनिर्माण तल की संस्थापना के साथ ही उसका उपयोग करने की क्षमता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा।

सू.ल.म.उ. डीईएफ प्रदर्शनी 2015 रक्षा, नागरिक उड्डयन, वैमानिकी तथा मातृभूमि सुरक्षा प्रणालियों के क्षेत्रों में घरेलु तथा अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र की सेवाओं तथा उत्पादों का प्रदर्शन करने वाला आयोजन रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) की ओर से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और कर्नाटक सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। **निम्समे** तथा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) इस प्रदर्शनी के सहयोगी साझेदार थे। इस कार्यक्रम का आयोजन कर्नाटक की राजधानी बैंगलूरू स्थित व्हाइट ऑर्किड कन्वेंशन सेंटर, मान्यता टेक पार्क में 10-12 दिसम्बर 2015 के दौरान किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मा. श्री कलराज मिश्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार ने किया। इस उद्घाटन समारोह में शामिल सभी गणमान्य व्यक्तियों ने **निम्समे** के स्टॉल का अवलोकन किया। इन प्रमुख हस्तियों में श्री मनोज जोशी, भा.प्र.से., संयुक्त सचिव, लघु और मध्यम उद्यम, श्री रविंद्रनाथ, मुख्य प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, श्री पी. रविकुमार, महा प्रबंधक (दक्षिण क्षेत्र) कर्नाटक के उद्योग और वाणिज्य विभाग के राज्य मंत्री आदि शामिल थे।

इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ)

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2015 का आयोजन 14 से 27 नवम्बर तक किया गया, जिसका उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति के हाथों 14 नवम्बर को किया गया। एमएसएमई एक्सपो 2014 का उद्घाटन हॉल नं. 7 एबीसी में केंद्रीय सू.ल.म.उ. मंत्री श्री कलराज मिश्र ने किया। श्री गिरीराज सिंह, केंद्रीय सू.ल.म.उ. राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री अनूप कुमार पुजारी, सचिव (सू.ल.म.उ.) अन्य सरकारी अधिकारी तथा **निम्समे** के महानिदेशक श्री एम चंद्रशेखर रेड्डी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संस्थान द्वारा एस एक्सपों में एक स्टॉल लगाकर सक्रिय रूप से भागीदारी की गई। **निम्समे** के स्टॉल का अवलोकन करने वालों में मंत्रियों के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

अधिकारियों के साथ ही गैर सरकारी संगठनों, उद्यमियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में इस स्टॉल का अवलोकन किया, जबकि संस्थान के संकाय सदस्यों ने उन्हें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बारे में जानकारी दी। इस स्टॉल में **निम्समे** द्वारा प्रकाशित विभिन्न सामग्री भी प्रदर्शित की गई।

आईटीएफ की संकल्पना 'मेक इन इंडिया' थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत की उपलब्धियों, सामाजार्थिक विकास, निर्यात की संभावनाओं की सभी को जानकारी देने के अलावा व्यापार लेन-देन, उत्पाद बाज़ार में उतारने तथा विपणन की जाँच करना और अपने पड़ोसी देशों को प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण करने के लिए नये मार्ग उपलब्ध करना था, ताकि संयुक्त उपक्रमों की संभावनाओं की खोज की जा सके। निम्समे के स्टॉल का प्रबंधन निम्समे के समन्वयक श्री जनपा रेड्डी रविंदर और श्री आर. नागराजेश ने किया।

परामर्श सेवा

निम्समे द्वारा वर्ष 2015-16 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों द्वारा प्रायोजित कुल 24 परियोजनाओं का संचालन किया गया, जिनमें से 14 मूल्यांकन अध्ययनों तथा 10 क्लस्टर विकास गतिविधियों से संबंधित थी। इनमें से कुछ का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

मूल्यांकन अध्ययन

हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में राष्ट्रीय पिछड़ी जाति वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की मूल्यांकन योजनाएँ

इस कार्यक्रम में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में राष्ट्रीय पिछड़ी जाति वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) के कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत पॉवर फाइनांस कार्पोरेशन द्वारा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व पहलों के माध्यम से वस्त्र सिलाई और डिज़ाइनिंग सेंटरों द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवारों के मूल्यांकन आवश्यक था।

यह परियोजना राष्ट्रीय पिछड़ी जाति वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित थी। इसमें हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का अध्ययन किया गया । इन चारों राज्यों के विभिन्न इलाकों में स्थित वस्त्र सिलाई एवं डिज़ाइनिंग प्रशिक्षण केंद्रों में कुल 2700 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अध्ययन में 2025 प्रशिक्षु उम्मीदवारों के नमूने एकत्रित किये गये, जिनमें से 189 उत्पादन अनुवीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण (पीएसक्यूसी) पाठ्यक्रम, 430 जीसीटी पाठ्यक्रम 229 एसओटी पाठ्यक्रम, 41 एसएसओटी पाठ्यक्रम और 1136 एसओबी + ए पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित थे। एटीडीसी द्वारा संचालित पाँच प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लाभार्थियों के बड़े समूह ने सिलाई मशीन के संचालन (मूलभूत और उन्नत) का प्रशिक्षण प्राप्त करने का फैसला किया। इससे वस्त्र सिलाई पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओं के वस्त्रों की सिलाई के मूलभूत तत्वों की बेहतर समझ और वस्त्र विनिर्माण के प्रति उनके रुझान का पता चलने के साथ ही यह भी साफ हो गया कि प्रशिक्षण की पूर्ति पर यह उनके लिए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रशिक्षित उम्मीदवारों में से 53.4% वैतनिक रोज़गार, जबकि शेष 17.7% स्वरोज़गार प्राप्त कर सकते हैं। इससे राष्ट्रीय पिछड़ी जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुदानित योजनाओं की सफलता का पता चलता है। यह अध्ययन पूरा किया गया तथा इसकी रिपोर्ट एनबीसीएफडीसी को सौंप दी गई।

असम राज्य में वर्ष 2011-12 और 2012-13 के लिए प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की 100% भौतिक जाँच-पड़ताल

यह अध्ययन खादी और ग्रामोद्योग आयोग, गुवाहाटी असम की ओर से प्रायोजित था। इस अध्ययन में पीएमईजीपी के 9,835 लाभार्थियों की जाँच-पड़ताल की गई। इसके अंतर्गत जाँच-पड़ताल करने वाले दल ने भौतिक जाँच-पड़ताल सुव्यवस्थित ढंग से पूरी करते हुए ज़िला उद्योग केंद्र, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राज्य के सभी 27 ज़िलों वर्ष 2011-12 और 2012-13 से संबंधित मुहैया की गई लाभार्थियों की सूचियों में शामिल सभी लाभार्थियों से आवश्यक जानकारी एकत्रित की।

असम राज्य में प्रधानमंत्री रोज़गार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2011-12 और 2012013 के दौरान वित्त पोषित इकाइयों की भौतिक जाँच-पड़ताल के दौरान यह पाया गया कि इस योजना का कार्यान्वयन काफी बेहतर तरीके से किया गया है और यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार का सृजन कर सकती है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस योजना की नोडल एजेंसी के रूप में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के साथ ही खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केंद्र तथा बैकों ने लाभार्थियों की पहचान करने के अलावा परियोजनाओं को अनुमोदित करने और आर्थिक सहायता प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। यह अध्ययन पूरा किया गया और संबंधित रिपोर्ट खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, असम को सौंप दी गई। इस अध्ययन का समन्वयन उद्यम विकास स्कूल के संकाय सदस्य डॉ. जी.पी. वल्लभ रेड्डी और एन. आर. प्रसाद रेड्डी ने किया।

तेलंगाना राज्य में प्रधानमंत्री रोज़गार गारंटी कार्यक्रम (पीएमईजीपी) इकाइयों 100 प्रतिशत भौतिक जाँच

तेलंगाना राज्य में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग। खादी एवं ग्रामोद्योग विकास बोर्ड और ज़िला उद्योग केंद्रों के माध्यम से वित्तपोषित की जा रही प्रधानमंत्री रोज़गार गारंटी कार्यक्रम इकाइयों की भौतिक जाँच करने का कार्य खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने संस्थान को सौंपा था।

क्लस्टर विकास गतिविधियाँ

नवीनीकृत स्फूर्ति योजना का निम्समे की ओर से कार्यान्वयन

पारम्परिक उद्योगों के उत्थान के लिए पुनर्नवीनीकृत निधि योजना (स्फूर्ति) के प्रसार और विकास के लिए पिछली 11 वीं पंचवर्षीय योजना के कार्यान्वयन के लिए **निम्समे** द्वारा तकनीकी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग तथा कयर बोर्ड के अलावा मंत्रालय ने इस योजना के कार्यान्वयन के लिए **निम्समे** को भी एक नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है। अब **निम्समे** तकनीकी एजेंसी के साथ ही नोडल एजेंसी के रूप में भी भूमिका निभा रहा है।

नोडल एजेंसी के रूप में निम्समे

प्रारंभ से ही संस्थान को छह तकनीकी एजेंसियों के समूह में शामिल किया गया है, जिनमें आईएल एंड एफएस क्लस्टर्स इनिशिएटीव लिमिटेड, फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर्स, ग्रैंट थोरोटोन इंडिया प्रा. लिमिटेड, एपिटको लिमिटेड, महाराष्ट्र उद्यमिता विकास केंद्र (सीएफएडी) और एपेक्स क्लस्टर डेवलपमेंट सर्विसेज़ प्रा. लिमिटेड शीमिल हैं। **निम्समे** की ओर से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग तथा राज्य सरकारों के सहयोग से हैदराबाद में तथा महाराष्ट्र उद्यमिता विकास केंद्र के सहयोग से औरंगाबाद में नवीनीकृत स्फूर्ति योजना के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रमुख साझेदारों को आमंत्रित किया गया था। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार तथा महाराष्ट्र राज्यों के संभावनापूर्ण क्लस्टरों की पहचान करने, विभिन्न साझेदारों के विचार आमंत्रित करने और राज्य सरकारों सम्मति प्राप्त करने एक राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति (एसएलएससी) का गठन किया गया।

नोडल एजेंसी के रूप में **निम्समे** ने तकनीकी एजेंसियों, कार्यान्वयन एजेंसियों तथा अन्य साझेदारों के माध्यम से 59 क्लस्टरों की पहचान की है। **निम्समे** ने तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश में स्थित 8 जबकि पंजाब राज्य के 5 क्लस्टरों के बारे में परियोजना प्रस्ताव रिपोर्टें ग्रैंट थ्रोटोन के माध्यम से स्क्रीनिंग कमेटी को सौंप दी हैं। मंत्रालय द्वारा कुल पाँच क्लस्टरों को अनुमति प्रदान की गई है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 3, तेलंगाना के 8 और आंध्र प्रदेश के 7 क्लस्टरों के बारे में विचार किया जा रहा है तथा उनके बारे में विस्तृत परियोजना रिपोर्टों और नैदानिक अध्ययन रिपोर्टों की तैयारी काम प्रगति पर है।

तकनीकी एजेंसी के रूप में निम्समे

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने **निम्समे** को चार क्लस्टरों के लिए नामित किया है, जिनमें हरिहर खादी क्लस्टर, कर्नाटक, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के संचालन वाला श्रीकालहस्ती कलमकारी क्राफ्ट्स क्लस्टर शामिल है। इसके अलावा सामूहिक सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की गई है। जोन्नाडा खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर तथा हरिपालेम मेस्टा और पाम उत्पाद क्लस्टर के बारे में नैदानिक अध्ययनों की रिपोर्टें तैयार करने का कार्य जारी है। **निम्समे** के संकाय सदस्यों ने कारीगरों तथा राज्य सरकार एवं खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारियों के साथ विशेष मुद्दे पर आधारित बैठकों का आयोजन कर आवश्यक जानकारी एकत्रित करने का भी कार्य किया है। कयर बोर्ड ने **निम्समे** को महाराष्ट्र के पेंडूर और सावंतवाड़ी तथा आंध्र प्रदेश के चित्तूर, विशाखापट्टनम, विजयनगरम एवं पश्चिम गोदावरी के रूप में चार क्लस्टर सौंपे हैं। उपरोक्त के अलावा **निम्समे** द्वारा आंध्र प्रदेश के अन्य आठ कयर क्लस्टरों का भी मूल्यांकन किया जा रहा है।

मंत्रालय ने महाराष्ट्र के सावंतवाड़ी और पेंडूर कयर क्लस्टरों तथा आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम कयर क्लस्टर के लिए अनुमति प्रदान की है।

पुनरुज्जीवित स्फूर्ति क्लस्टर

संस्थान द्वारा 11 वीं पंचवर्षीय योजना से पारम्परिक उद्योगों के क्लस्टरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पारम्परिक उद्योगों के पुनरुज्जीवन के लिए निधि (स्फूर्ति) योजना के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सेवाएं मुहैया कर रहा है। मंत्रालय ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) तथा कयर बोर्ड के अलावा **निम्समे** को भी इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। **निम्समे** नोडल एजेंसी के साथ ही तकनीकी एजेंसी के रूप में भी भूमिका निभा रहा है।

नोडल एजेंसी के रूप में

प्रारंभ से ही संस्थान को छह तकनीकी एजेंसियों के समूह में शामिल किया गया है, जिनमें आईएल एंड एफएस क्लस्टर्स इनिशिएटीव्स लिमिटेड, फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर्स, ग्रैंट थोरोंन्टोन इंडिया एलएलपी, एपिटको लिमिटेड, महाराष्ट्र सेंटर फॉर एंटरप्रेन्यूअरशिप डेवलपमेंट तथा एपेक्स क्लस्टर डेवलपमेंट सर्विसेज़ प्रा. लि. शामिल हैं। संस्थान ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को लाभान्वित करने के उद्देश्य से नवीनीकृत स्फूर्ति योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों के सहयोग से हैदराबाद में विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया, जिनमें प्रमुख साझेदारों को आमंत्रित किया गया था। इसी तरह की कार्यशालाओं का आयोजन महाराष्ट्र सेंटर फॉर एंटरप्रेन्यूअरशिप डेवलपमेंट, औरंगाबाद में भी किया गया।

संभावनाओं से परिपूर्ण क्लस्टरों की पहचान करने के लिए विभिन्न साझेदारों से सुझाव लिये गये तथा राज्य सरकारों की सम्मति से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, उत्तर प्रदेश बिहार और महाराष्ट्र राज्यों के लिए एक राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी (एसएलएससी) का गठन किया गया।

एक नोडल एजेंसी के रूप में तकनीकी एजेंसियों, कार्यान्वयन एजेंसियों और अन्य साझेदारों के माध्यम से 59 क्लस्टरों की पहचान की गई। इनमें से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मौजूद 8 क्लस्टरों के बारे में प्राथमिक परियोजना रिपोर्ट आईएल एंड एफएस के माध्यम से, जबकि पांजाब में मौजूद 5 क्लस्टरों के बारे में प्राथमिक परियोजना रिपोर्ट ग्रैंट थोर्टोन योजना के माध्यम से योजना की संचालन समिति को सौंपी गई हैं।

कुल मिलाकर मंत्रालय द्वारा पांछ क्लस्टरों के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 3, तेलंगाना के 8 और आंध्र प्रदेश के 7 क्लस्टरों के बारे में सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है और उनके बारे में नैदानिक अध्ययन रिपोर्टें । विस्तृत परियोजना रिपोर्टें बनाने का काम चल रहा है।

तकनीकी एजेंसी के रूप में

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने **निम्समे** को आंध्र प्रदेश के चार क्लस्टरों के लिए तकनीकी सेवाएँ मुहैया कराने के लिए नियुक्त किया है। इनमें कर्नाटक के हरिहर खादी क्लस्टर, श्रीकालहस्ती कलमकारी शिल्पकला क्लस्टर, जोन्नाड़ा खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर और हरिपालेम अंबाडी तथा पाम उत्पाद क्लस्टर शामिल हैं। मंत्रालय ने हरिहर खादी क्लस्टर और और श्रीकालहस्ती कलमकारी शिल्पकला क्लस्टर के लिए अनुमोदन प्रदान किया है, जिसके आधार पर इन क्लस्टरों में क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करने के अलावा सामुहिक सुविधा केंद्रों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। जोन्नाड़ा खाद्यान्न प्रसंस्करण क्लस्टर और हरिपालेम अम्बाड़ी तथा पाम उत्पाद क्लस्टर के बारे में नैदानिक अध्ययन रिपोर्टें तैयार करने का काम किया जा रहा है। **निम्समे** के संकाय सदस्यों ने आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए कारीगरों, अधिकारियों, राज्य सरकार और खादी और ग्रामविकास आयोग (केवीआईसी) के साथ के साथ उद्देश्य केंद्रित सामूहिक बैठकों का भी आयोजन किया है।

कयर बोर्ड ने संस्थान को महाराष्ट्र में दो क्लस्टरों क्रमशः पेंडूर तथा सावंतवाड़ी और आंध्र प्रदेश में चार क्लस्टरों क्रमशः चित्तूर, विसाखापट्टनम, विजयनगरम चछा पश्चिम गोदावरी शामिल हैं। उपरोक्त के अलावा आंध्र प्रदेश के संभावनापूर्ण आठ क्लस्टरों के लिए नियुक्त करने के बारे में **निम्समे** के बारे में विचार किया जा रहा है। मंत्रालय ने तीन परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया है, जिनमें महाराष्ट्र के सावंतवाड़ी तथा पेंडूर और आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम कयर क्लस्टर शामिल है।

गोंदिया मुरमुरा क्लस्टर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपने खादी सुधार और विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) के अंतर्गत निम्समे को गोंदिया मुरमुरा क्लस्टर के बारे में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की **निम्समे** को ज़िम्मेदारी सौंपी है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत करीब 4000 कारीगर क्लस्टर क्षेत्र में हैं तथा इनमें से करीब 700 कारीगरों को प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की जाने की उम्मीद है। इसके अंतर्गतर गोंदिया के साथ ही आस-पास के 40 गाँवों में मौजूद कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन कारीगरों में ज्यादातर जनजातीय से संबंधित महिलाएँ शामिल हैं, जो काफी सक्रिय, गतिशील और सरकारी सहायता उम्मीद पर निर्भर हैं। इस बारे में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, नागपूर के अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद तैयार की गई है। आवश्यक जानकारी क्षेत्र की जाँच-पड़ताल करने के बाद कारीगरों के कार्यस्थल का दौरा करने और प्रमुख कारीगरों के साथ बैठकों के बाद एकत्रित की गई है।

समस्याप्रधान क्षेत्रों के आधार पर कुछ हस्तक्षेपों का सुझाव दिया गया है, जिनमें क्लस्टर कार्यशैली के बारे में जागरूकता, मूल्यवर्धित उत्पादों के बारे में संवेदनशीलता, सिंधुदुर्ग खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर के प्रदर्शन दौरे, सामूहिक खरीदी के लिए स्वसहायता समूहों के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन सामूहिक सुविधा केंद्र और वितरण उपकरणों के अलावा प्रक्रिया और उत्पाद सुधार के लिए उत्पादन प्रक्रिया की समीक्षा के लिए तकनीकी और वित्तीय परामर्शदाताओं की तैनाती शामिल है।

गदवाल हथकरघा पार्क पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

हथकरघा और वस्त्र उत्पादन विभाग,तेलंगाना सरकार ने राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (**निम्समे**), हैदराबाद को गदवाल हथकरघा पार्क के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। यह पार्क बुनकर समुदाय की समाजार्थिक स्थितियों में सुधार करने के अलावा उत्पादन क्षमता तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए सहायता प्रदान करेगा। अधिकारिक मार्गवरोधों की पहचान के लिए दो बैठकों का आयोजन किया गया। इनमें से एक हथकरघा संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई, जिसमें क्रमशः प्रियदर्शिनी महिला हथकरघा सहकारी संस्था (पीएमएचडब्ल्यूसीएसएल), गदवाल हथकरघा बुनकर सहकारी संस्था, श्री राजराजेश्वरी मिक्स्ड फैब्रिक्स हैण्डलूम वीवर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड शामिल थे, जबकि एक अन्य बैठक गदवाल में बुनकरों के साथ आयोजित की गई। क्षेत्र में की गई जाँच-पड़ताल के दौरान पहचाने गये मुद्दों, अधिकारियों, बुनकरों और क्लस्टर विशेषज्ञों द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर तेलंगाना सरकार को सौंपी गई है।

प्रलेखन और प्रकाशन

निम्समे में लघु उद्योग राष्ट्रीय प्रलेखन केंद्र है, जिसकी स्थापना घरेलु के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसरों, व्यापार के बारे में पूछताछ, नियमन प्रणालियों आदि के बारे में व्यापक डेटाबेस उपलब्ध कराना है, जो सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमियों के लिए बहुमूल्य है। इस प्रकार की डेटाबेस सेवाएँ भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संघों को ऑनलाइन मुहैया की जा रही है।

संस्थान की ग्रंथालय सेवाओं का उपयोग मात्र संकाय सदस्यों द्वारा ही नहीं, बल्कि अन्य सदस्यों द्वारा भी कार्यालयीन अवधि के दौरान तथा पश्चात उठाया जा रहा है।

सूचना संसाधन आधार

पुस्तकें : पुस्तकों तथा संस्थागत प्रकाशन सूचना का एक प्रमुख स्रोत है। उपरोक्त रिपोर्ट की अवधि के दौरान **निम्समे** ने 160 पुस्तकों एवं अन्य दस्तावेज़ों को अपने संग्रह में शामिल किया है।

पत्र-पत्रिकाएँ : वर्ष के दौरान **निम्समे** ने 50 भारतीय और विदेशी पत्र-पत्रिकाओं की खरीदी की। 25 पत्रिकाएँ लेन-देन और मानार्थ आधार पर प्राप्त हुई, जबकि 15 समाचार पत्रिकाएँ विभिन्न संस्थानों। संगठनों से प्राप्त हुई।

हिन्दी अनुभाग : निम्समे द्वारा कर्मचारियों और सहभागियों के लाभ के लिए हिन्दी पुस्तकों का पृथक संग्रहण और रख-रखाव किया जा रहा है।

प्रकाशन

निम्समे द्वारा सेडमें त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन करने के अलावा समाप्त माह की गतिविधियों के बारे में मासिक समाचार बुलेटिन का भी प्रकाशन किया जा रहा है।

निम्समे द्वारा मंत्रालय के लिए भी पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है। समाप्त वर्ष के दौरान प्रकाशित सामग्री इस प्रकार है :

	शीर्षक
1	एमएसएमई योजनाएँ (अंग्रेज़ी और हिन्दी)
2	एमएसएमई एक नज़र (अंग्रेज़ी और हिन्दी)
3	सू.ल.म. उद्यमों के पुनरुद्धार और पुनर्गठन के लिए फ्रेमवर्क (अंग्रेज़ी और हिन्दी)
4	उद्योग आधार (अंग्रेज़ी और हिन्दी)
5	युवा सशक्तीकरण योजनाएँ (अंग्रेज़ी और हिन्दी)

मोबाइल एप

नवम्बर 2015 में अपने दौरे के अवसर पर डॉ. अनूप कुमार पुजारी, भा.प्र.से., सचिव, सू.ल.म. उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने सी-डैक, हैदराबाद द्वारा तैयार किये गये मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया। डॉ. भारती एस सिहाग, भा.प्र.से. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, सू.ल.म. उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा श्री सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

एमएसएमई मोबाइल एप नीचे दिये गये लिंक का उपयोग कर डाउनलोड किये जा सकते हैं -
अ. एमएसएमई योजनाएं : https://play.google.com/store/apps/details?id=com.cdac.msme_schemes
आ. एमएसएमई परियोजना प्रोफाइल्स : https://play.google.com/store/apps/details?id=com.cdac.nimse_projectProfiles

राजभाषा का कार्यान्वयन

राजभाषा विभाग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान (**निम्सme**) द्वारा विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।

अ.क्र.	दिनांक	कार्यक्रम का विवरण
1.	15 अप्रैल 2015	हिन्दी में कामकाज के लिए सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री श्रीराम सिंह शेखावत, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, हैदराबाद विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सहभागियों को सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
2.	14 मई 2015	हिन्दी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रवीण और प्राज्ञ के लिए नामित कर्मचारियों के लिए मॉडल परीक्षा तथा हिन्दी प्रशिक्षण कक्षाओं के समापन कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्रीमती तरुण शेखावत, प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना ने मॉडल परीक्षा का संचालन किया।
3.	15 जून 2015	'अनुवाद में सुविधा के लिए मंत्रा सॉफ्टवेयर का उपयोग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. दिब्येन्दू चौधरी,संकाय सदस्य ने विषय विशेषज्ञ के तौर पर इस कार्यशाला में जानकारी दी।
4.	14 जुलाई 2015	कर्मचारियों के लिए राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के बारे में मासिक आंकड़ों के संकलन के बारे में प्रपत्र संबंधी मार्गदर्शन परक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हिन्दी अनुवादक डॉ. शिरीष कुलकर्णी ने किया।
5.	14 अगस्त 2015	'प्रशासनिक शब्दावली' विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. शिरीष कुलकर्णी, हिन्दी अनुवादक ने प्रशासनिक शब्दावली और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।
6.	14 सितम्बर 2015	हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। 14 से 18 सितम्बर तक आयोजित इस सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
7.	14 अक्तूबर 2015	'हिन्दी टंकलेखन : मूलभूत सिद्धांत और सावधानियाँ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री राजेश कुमार वर्मा, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना ने इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में मार्गदर्शन किया।
8.	14 नवम्बर 2015	हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा दिसम्बर 2015 में आयोजित प्राज्ञ पाठ्यक्रम की परीक्षा के लिए नामित कर्मचारियों के लिए मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया।
9.	14 दिसम्बर 2015	हिन्दी टंकलेखन, पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए नामित कर्मचरियों के लिए अभ्यास सत्र का आयोजन संस्थान के सेन्डॉक भवन में स्थित कम्प्यूटर प्रयोगशाला में किया गया। डॉ. शिरीष कुलकर्णी हिन्दी अनुवादक ने इस सत्र का संचालन किया।
10.	14 जनवरी 2016	नये प्रशिक्षण भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 'राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 के लिए निर्धारित लक्ष्य' विषय पर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हिन्दी अनुवादक डॉ. शिरीष कुलकर्णी ने किया।

11.	15 फरवरी 2016	'हिन्दी टिप्पण और आलेखन' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन नये प्रशिक्षण भवन के कमरा संख्या 104 में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. शिरीष कुलकर्णी, हिन्दी अनुवादक ने हिन्दी टिप्पण और आलेखन के बारे में मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सू.ल.म.उ. मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार हिन्दी टिप्पण और आलेखन अधिक से अधिक संख्या में लिखा जाना चाहिए।
12.	14 मार्च 2016	हिन्दी दिवस मनाया गया तथा कार्यालयीन कामकाज में सरल, सुबोध और सुगम हिन्दी का प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. अरुण कुमार इंगले, मुख्य प्रबंधक, (रा.भा.), भारतीय स्टेट बैंक स्थानीय कार्यालय, कोठी, हैदराबाद ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

संस्थान द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति की तिमाही बैठकों का आयोजन 13 मई, 02 सितम्बर 05 नवम्बर 2015 तथा 11 फरवरी 2016 को किया गया।

'राजभाषा सप्ताह' 14 सितम्बर से 18 सितम्बर 2015 को मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें संस्थान के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। सप्ताह के दौरान हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

सिटीजन्स चार्टर और सूचना का अधिकार कानून

निम्समे का सिटीजन्स चार्टर

जैसा कि रिजल्ट फ्रेमवर्क डॉक्यूमेन्ट (आरएफडी), सेवोत्तम कम्प्लेंट सिटीज़न चार्टर के रूप में सेवोत्तम शिकायत निवारण व्यवस्था अनिवार्य है। तदनुसार संस्थान द्वारा एक सिटीज़न चार्टर अंगीकृत किया गया है और वह संस्थान की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

संस्थान के उद्देश्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सभी सेवा प्रदाताओं के कर्मचारियों के लिए कार्यक्रमों अथवा संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना है। यह उद्योगों के विकास के लिए अनुसंधान और परामर्श परियोजनाओं का उत्तरदायित्व संभालने के साथ ही उनका निष्पादन करता है, युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है और नागरिकों और ग्राहकों के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को आवश्यक जानकारी मुहैया करता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के अंतर्गत नागरिक **निम्समे**, यूसुफगुड़ा, हैदराबाद - 500045 के नये प्रशिक्षण भावन में स्थित (तल मंज़िल, कुलसचिव के कार्यालय), जन सूचना अधिकारी (आरटीआई) से किसी भी कार्य दिन के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं।

वर्ष 2015-16 में संस्थान को 28 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 27 का निपटारा किया गया।

स्वच्छ भारत

राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अनुरूप **निम्समे** द्वारा 25 सितम्बर से 31 अक्तूबर 2015 तक स्वच्छता अभियान मनाया गया। इसके अंतर्गत संस्थान के प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किये गये। स्वच्छता माह के दौरान साफ-सफाी कार्यों को अंजाम दिया गया।

पहले

बाद में



सेन्डॉक भवन की पहली और दूसरी मंज़िल पर स्थित ग्रंथालय पुस्तर संग्रहण परिसर की साफ-सफाई की गई, जिसके अंतर्गत उपयोग में लाये गये कागज़ तथा पुस्तकों आदि के साथ अन्य सामग्री और इकट्ठा हुई धूल को हटा दिया गया। इसके अलावा संस्थान परिसर की सफाई के लिए अतिरिक्त मजदूर लाकर उनसे बिखरे सूखे पत्तों तथा टूटी टहनियों को हटाने के अलावा समय पूरा हो चुके अभिलेखों हटाने, अभिलेख कक्ष की सफाई और अभिलेखों को करीने से लगाने और निरूपयोगी दस्तावेज़ों की बारीकी से जाँच के बाद उन्हें जलाने के अलावा अनुभागों । अलमारियों में हुए मकड़ी के जालों को हटाया गया।

पर्यावरण अनुकूल गतिविधियाँ

बेहतर ढंग से विकसित किया गया संस्थान का हरियाली और भव्य पेड़ों से परिपूर्ण परिसर कई तरह स्थानीय तथा पक्षियों का पसंदीदा निवास स्थान है। इन पक्षियों में खास तौर पर मोर, मोरनी, कोयल, कबूतर, तोते तथा अन्य किस्म के रंग-बिरंगी पक्षी शामिल हैं, जो अपना चहक और उल्लास से सहभागियों के साथ ही इस परिसर में पधारने वाले हर किसी का अनायास ही ध्यान आकर्षित कर लेते हैं।

पंखों वाले इन जंतुओं की सुविधा के लिए बहुमुखी आकार वाले एक निरुपयोगी जलाशय का पुनर्नवीनीकरण किया गया। इन कदमों से न केवल संस्थान परिसर को मनोहर सुंदरता में इज़ाफा हुआ, बल्कि परसिर में रहने वाले पंछियों के लिए भी प्यास बुझाने का एक स्थान उपलब्ध हो गया। संस्थान परिसर के सौंदर्य को द्विगुणित करने वाले इस आकर्षक स्थान का उद्घाटन महानिदेशक श्री एम. चंद्रशेखर रेड्डी ने 13 जुलाई 2015 को किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इसी जोश और उत्साह की भावना से संस्थान की पश्चिमी दिशा की प्रहरी दीवार की कुल 461 फीट की दूरी तक मरम्मत कर उसे पलस्तर कर उसे मज़बूत बनाया गया स्नोसेम चूने से रंग दिया गया।

राष्ट्रीय उत्सव और अन्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय उत्सव

69 वाँ स्वतंत्रता दिवस और अन्य समारोह

संस्थान द्वारा 69 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन 15 अगस्त 2015 को उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महानिदेशक श्री एम. चंद्रशेखर रेड्डी ने तिरंगा ध्वज फहराया, जबकि अन्य सभी ने उसका वंदन किया। इस समारोह में संस्थान के सभी कर्मचारियों और उनके परिवार सदस्यों ने इस समारोह में भाग लेकर राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर श्री एम. चंद्रशेखर रेड्डी ने उपस्थितों को राष्ट्रीय पर्व की बधाई देकर संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान परिसर में मौजूद विदेशी प्रतिनिधियों के देशों और भारत के बीच के रिश्तों के इतिहास पर प्रकाश डाला। इसके बाद उन्होंने संस्थान द्वारा भविष्य में किये जाने वाले प्रयासों तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में भारत के स्वालंबी बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद समारोह में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका संचालन **निम्समे** के संकाय सदस्य जी. जयकर राव ने किया। इस कार्यक्रम में सुश्री गौरवी ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया तथा कर्मचारी दल के सदस्यों ने सामूहिक गीत का गायन किया। अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों ने भी अपने -अपने देशों की कविताएँ तथा संगीत प्रस्तुत किये।

गणतंत्र दिवस समारोह

निम्समे परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को पारम्परिक ढंग से उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे चरण में शामिल सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ ही अन्य सहभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने अपने भावपूर्ण संबोधन में इस दिन पर आयोजित किये जाने वाले समारोह के महत्व की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने पिछले छह दशकों के दौरान देश की हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए संस्थान के योगदान और लक्ष्य के बारे में भी जानकारी दी।

इसके बाद महानिदेशक ने राष्ट्रध्वज फहराया, जिसके बाद सभी ने उसे सलामी देते हुए राष्ट्रगीत का गायन किया। तत्पश्चात समारोह में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनमें राष्ट्रीय सहभागियों और **निम्समे** परिवार के सदस्यों ने भारतीय देशभक्तिपरक गीत तथा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये। इस समारोह के दौरान सभी को अल्पाहार दिया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके सभी को स्मृतिचिह्न भेंट किये गये।

अन्य गतिविधियाँ

आतंकवाद विरोधी दिवस

संस्थान में आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई 2015 को मनाया गया। निम्समे परिवार के सभी सदस्य संस्थान के कमरा संख्या 205 में सुबह 11.00 बजे एकत्रित हुए इस अवसर पर परामर्शदाता प्रशासन ने उपस्थितों को युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर रखने के साथ ही आम लोगों को होनेवाली परेशानियों की जानकारी देते हुए राष्ट्र को स्वस्थ बनाए रखने में आतंकवाद और हिंसा कितनी घातक है इस बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर महानिदेशक ने सभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों को पहले हिन्दी में तथा बादमें अंग्रेज़ी में शपथ दिलाई, जिसमें जन समूह को आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ जागने पर ज़ोर दिया गया था। राष्ट्रगीत गान के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय एकता दिवस

30 अक्तूबर 2015 को निम्समे परिवार के सभी सदस्य राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए नये प्रशिक्षण भवन में एकत्रित हुए। केंद्र सरकार ने 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित किया है, जिसे संस्थान द्वारा पहली बार मनाया गया। 31 अक्तूबर को अवकाश होने से ससंस्थान द्वारा यह दिवस 30 अक्तूबर को मनाया गया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने इस आयोजन के महत्व की जानकारी दी। इसके बाद महानिदेशक महोदय ने सभी कर्मचारियों को हिन्दी और अंग्रेज़ी में एकता शपथ दिलायी, जिसमें देश के सभी लोगों के बीच एकता को महत्व दिया गया था।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

हर वर्ष अक्तूबर माह में देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष यह सप्ताह 26 अक्तूबर से 30 अक्तूबर 2015 तक मनाया गया। **निम्समे** में भी यह सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष का विषय 'प्रतिबंधात्मक सतर्कता सुशान का उपकरण' रखा गया था। इस सप्ताह के अंतर्गत संस्थान परिसर के सभी प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किये गये । संस्थान के महानिदेशक श्री एम. चंद्रशेखर रेड्डी ने 26 अक्तूबर 2015 को सुबह 11.00 बजे संस्थान के नये प्रशिक्षण भवन स्थित लघु सभागृह में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा तैयार की गई शपथ दिलाई। 30 अक्तूबर 2015 को (31 अक्तूबर अवकाश का दिन होने के कारण) सतर्कता विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम को उद्यम विकास स्कूल के निदेशक के हाथों सभी को नगद पुरस्कार प्रदान किये गये।

राष्ट्रीय एकता दिवस

निम्समे परिसर में 19 से 25 नवम्बर 2015 के दौरान कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) मनाया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत 19 नवम्बर को सुबह 11.00 बजे नये प्रशिक्षण भवन स्थित लघु सभागृह में सभी कर्मचारी एकत्रित हुए। इस अवसर पर निम्समे के मुख्य प्रसासनिक अधिकारी डॉ. जी.पी. वल्लभ रेड्डी ने कौमी एकता सप्ताह के महत्व के बारे में जानकारी दी। महानिदेशक ने सभी एकत्रित कर्मचारियों को पहले हिन्दी में तथा उसके बाद अंग्रेज़ी में शपथ दिलायी।

इस शपथ में सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता तथा सभी देशवासियों के बीच अपनेपन की भावना पर ज़ोर दिया गया था। सप्ताह के अंतिम दिन 24 नवम्बर को (25 नवम्बर गुरुनानक जयंती के कारण अवकाश का दिन होने से) दोपहर 3.30 से सायं 4.30 बजे तक भाषाई सद्भाव दिवस। सांस्कृतिक एकता दिवस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के हाथों नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

संविधान दिवस

निम्समे द्वारा 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर **निम्समे** परिवार के सभी सदस्य सुबह 11.00 बजे संस्थान के नये प्रशिक्षण भवन में स्थित लघु सभागृह में एकत्रित हुए, जहाँ पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने 'संविधान दिवस' के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दविस के मद्देनज़र संस्थान के सभी प्रमुख स्थानों पर हिन्दी और अंग्रेज़ी में बैनर प्रदर्शित किये गये थे।

इस कार्यक्रम में महानिदेशक ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना प्रथम हिन्दी में तथा बाद में अंग्रेज़ी में वाचन किया। मंत्रालय द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के पाठ की प्रतियाँ संस्थान परिसर के सभी प्रमुख स्थानों पर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई।

महिला दिवस मनाया गया

निम्समे द्वारा मातृभक्ति मासिक पत्रिका, डॉ. राजेश्वरी चैरिटेबल फाउंडेशन और हेवन होम सोसाइटी का सहयोग से 8 मार्च 2016 को सायं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, गैर सरकारी संगठनों की प्रतिनिधियों तथा छात्राओं के साथ कुल 50 महिलाओं ने भाग लिया। हेवन सोसाइटी की समन्वयक सुश्री तेजस्विनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का स्वागत किया।

तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। फोकस-5 की सुश्री गीता वेंकटेसन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। फोकस-5 की सुश्री गीता वेंकटेसन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

डॉ. एल फातिमा, फेमी केयर हॉस्पिटल्स, डॉ. महालक्ष्मी, सहायक डीन, गृह विज्ञान विभाग, सुश्री प्रसुन्ना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस. मशरूम एग्रीटेक, सुश्री उषा, संस्थापक, गैर सरकारी संगठन 'अभया' एवं सामाजिक कार्यकर्ती के अलावा श्रीमती वी. स्वप्ना, सहायक संकाय सदस्य, उद्यम प्रबंधन स्कूल, **निम्समे** तथा अन्य गणमान्य महिलाएँ इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने महिला दिवस के औचित्य की जानकारी देते हुए महिलाओं के सशक्तीकरण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। श्रीमती स्वप्ना ने **निम्समे** के महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को **निम्समे** की वेबसाइट पर महिलाओं के लिए उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

अतिथि दीर्घा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरीराज सिंह ने **निम्समे** द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी - आधारित उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रशिक्षितों में से 8 को प्रस्ताव पत्र हस्तांतरित किये। इन प्रशिक्षितों को बहुराष्ट्रीय कंपनी पोलारिस ने **निम्समे** द्वारा 3 मार्च 2016 को सूचना प्रौद्योगिकी - आधारित उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रशिक्षितों के लिए आयोजित जॉब मेले में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर चुना गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री महोदय ने उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रमों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों से महिलाओं को स्वावलंबी बनने में काफी सहयोग मिल रहा है। इससे वे या तो वैतनिक रोज़गार अथवा स्वरोज़गार प्राप्त करने में सफल हो रही हैं। संस्थान परिसर में आयोजित इस जॉब मेले में कुल 262 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 75 उम्मीदवारों को इस मेले में भाग ले चुके 11 नियोक्ता व्यवसाय प्रतिष्ठानों की ओर से छह विभिन्न व्यवसायों के लिए आयोजित किये जाने वाले चयन के दूसरे चरण के लिए चुना गया।

निम्समे परिसर में मा. मंत्रीजी ने सेन्डॉक भवन के ग्रंथालय का दौरा कर ग्रंथालय में संग्रहित पुस्तकों का अवलोकन किया और संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों पर भी नज़र डाली। इसके बाद उन्होंने सहयोगी संगठनों की ओर से आयोजित सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगाये सभी स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के साथ उनके उत्पादों। सेवाओं के बारे में बातचीत की।

- महानिदेशक ने सामजिक एकता और आर्थिक साधिकारिता मंत्री श्री पृथ्वीराज सिंह रूपन (सांसद) के साथ 24 सितम्बर 2015 को संस्थान के मंडल कक्ष में बैठक कर दौरे पर आये मंत्रीजी के साथ श्री बोयराम्बोली बोईराझसिंह, स्थायी सचिव, सामाजिक एकता तथा आर्थिक साधिकारिता मंत्रालय, मॉरिशस सरकार भी उपस्थित थे। इन गणमान्य अतिथियों के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के अधिकारी भी थे। इस बैठक में संस्थान के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

- श्री सी.पी. ठाकुर के नेतृत्व वाली संसदीय समिति ने भी 30 एवं 31 जनवरी 2016 को निम्समे का दौरा किया। इस अवसर पर महानिदेशक ने श्री ठाकुर के नेतृत्व में आयी समिति को संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देने के साथ ही वार्षिक लेखा की भी विस्तृत जानकारी दी।

- हाल ही में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव, भारत सरकार के रूप में नियुक्त हुए श्री. के. के. जालान, भा.प्र.से. ने 16 मार्च 2016 को **निम्समे** के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे चरण के विदाई समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान का दौरा किया।

इस अवसर पर सहभागियों को संबोधित करते हुए श्री. के. के. जालान ने विदेश मंत्रालय के आईटीईसी कार्यक्रम को धन्यवाद दिये। उन्होंने बरसों पुराने कार्यक्रमों के दृष्टिकोण 'नो व्हेयर' से लेकर अब तक के 'नाऊ हेयर' और 'एवरी व्हेयर' के रूप में साझेदारों की चेतना परिवर्तन के दौर से गुज़रने की बात कही।

जब वे संस्थान में पहली बार पधारे, तब वे यहाँ के किसी से भी परिचित नहीं थे और यहाँ का सब कुछ उन्हें अनोखा महसूस हो रहा था, लेकिन जिस दिन वे यहाँ से विदा हुए, तब उन्हें **निम्समे** के हर कोने और पहलु की जानकारी हुई थी और यहाँ के हर किसी के चेहरे पर उन्हें मुस्कान नज़र आ रही थी।

विदाई समारोह के बाद श्री. के. के. जालान ने मंडल कक्ष में सभी संकाय सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के अनुसंधान और विकास के बारे में चर्चा के साथ ही सूचना-प्रौद्योगिकी में **निम्समे** के भाग लेने और उससे मूल्य बढ़ाने के बारे में चर्चा की। इससे पहले **निम्समे** के कर्मचारी संघ ने सचिव से अतिथि कक्ष में मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

- डॉ. अनूप के. पुजारी, भा.प्र.से. भारत सरकार ने 15 सितम्बर 2015 को दोपहर संस्थान का दौरा किया। उनका यह दौरा दो दिवसीय हैदराबाद दौरे का एक हिस्सा था। डॉ. पुजारी का **निम्समे** का यह पहला दौरा था।

अपने इस दौरे में सचिव महोदय ने संस्थान के चार जारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों के साथ पृथक रूप से बातचीत की और एनएमडीसी के प्रशिक्षार्थियों के साथ भी कक्षा में मुलाकात की। तत्पश्चात उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों और उसके बाद एनएमडीसी के सहभागियों के साथ आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित किया।

- श्री एस.एन. त्रिपाठी, भा.प्र.से., संयुक्त सचिव (लघु एवं मध्यम उद्योग) ने 9 मई 2015 को निम्समे परिसर का दौरा कर मंडल कक्ष में आयोजित कल्पना सृजन बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर संस्थान के महानिदेशक और संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक का विषय संस्थान परिसर के विस्तार के लिए रिक्त भूमि के उपयोग का बेहतर तरीका था।

श्री मनोज जोशी, संयुक्त सचिव (लघु एवं मध्यम उद्योग), भारत सरकार ने 14 जनवरी 2016 को निम्समे का दौरा किया। संस्थान परिसर का दौरा करते समय महानिदेशक महोदय ने संयुक्त सचिव को विभिन्न ब्लॉक, अकादमिक स्कूलों, कक्षों सम्मेलन सभागृहों, आईपीएफसी, कम्प्यूटर लैब, कुलसचिव के कार्यालय, ग्रंथालय तथा मंडल कक्ष और अतिथि-गृह भवन समूह की कार्यप्रणलियों और सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

हर स्थान पर संयुक्त सचिव महोदय ने उत्साह के साथ संबंधित अधिकारियों से स्थितियों के बारे में बातचीत की। इसके बाद महानिदेशक महोदय ने मंडल कक्ष में सभी संकाय सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक को अतिथि महोदय ने संबोधित किया और संस्थान की गतिविधियों और सकारात्मक तथा उत्साहपूर्ण प्रयासों के बारे में चर्चा की।

- श्री ए.के. झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं आयुक्त खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने 6 - 10 जुलाई 2016 को आयोजित क्लस्टर विकास अनुकूलन कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान का दौरा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के नोड़ल अधिकारियों के लिए किया गया था।

- डॉ. के. गोपाल, भा.प्र.से., विकास आयुक्त (हस्त शिल्प) ने 10 फरवरी 2016 को निम्समे स्थित पारम्परिक पेंटिंग संसाधन केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली और शिल्पी समुदाय के साथ बातचीत की।

  कलाकारों तथा विद्यार्थियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान डॉ. गोपाल ने पेंटिंग की प्रक्रियाओं, डिज़ाइनों की विशेषताओं तथा बाज़ार के रुझानों के बारे में पूछताछ की और सुझाव दिया कि कलाकारों को पेंटिंग के स्थापित विषयों के बजाए बाज़ार में मौजूद मांग के अनुसार चित्रकारी और पेंटिंग पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने बाज़ार विस्तार के लिए व्यवहार्य सुझाव दिये, जिनका पालन कर कलाकार अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने अभिनव सृजनात्मकता के लिए प्रमुख शिल्पियों द्वारा पारम्परिक पेंटिंगों में अपनायी जाने वाली तकनीकियों, नित्य प्रयोगों और शैलियों के बारे में चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को अभिनवता और सृजनात्मकता पर ध्याम केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने पारम्परिक चित्रकारी के संस्थान केंद्र में प्रदर्शित पेंटिंगों की विभिन्न शैलियों भी काफी ध्यानपूर्वक अवलोकन किया तथा केंद्र द्वारा पारम्परिक पेंटिंग के बारे में खरीदी तथा संकलित की गयी पुस्तकों और प्रलेखनों की जानकारी प्राप्त की।

- राष्ट्रीय कर्ण बधिर एवं दिव्यांग संस्थान के वरिष्ठतम संकाय सदस्य के साथ सात सदस्यीय एक प्रतिनिधि दल ने 24 अप्रैल 2015 को संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कुलसचिव के साथ संस्थान की गतिविधियों के बारे में बातचीत कर कहा कि राष्ट्रीय कर्ण बधिर एवं दिव्यांग संस्थान के सहयगो से **निम्समे** अनुसंधान अध्ययनों को अंजाम दे सकता है और उन्हें कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से मदद पहुँचा सकता है।

- महानिदेशक महोदय ने एप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय रोज़गार योग्यता कार्यक्रम (एनईसीएपी) के बारे में एक परस्पर चर्चात्मक बैठक की अध्यक्षता किया। इस बैठक में संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ दि टीम लीज़ स्किल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के एक प्रतिनिधि दल ने भाग लिया, जिनमें श्री सुमीत कुमार, उपाध्यक्ष, श्री कुणाल प्रताप, सहायक महा-प्रबंधक, श्री शिवानंद पाटील, प्रबंधक और श्री कपिल कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक (व्यापार विकास) शामिल थे।

- इस अवसर पर **निम्मसे** के सहयोग से टीम लीज़ द्वारा बेरोज़गार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ एप्रेंटिसशिप प्रारूप के बारे में भी चर्चा की गई।

- सुश्री एवा माजुरिन, अधिकारी, उद्यमिता और लघु तथा मध्यम उद्योग प्रबंधन प्रशिक्षण, जिनेवा, स्वीट्ज़रलैण्ड ने 17 अप्रैल 2015 को श्री चंद्रा रेड्डी, एपीआईटीसीओ, आईएलओ समन्वयक के साथ **निम्समे** का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने महानिदेशक श्री चंद्रशेखर रेड्डी एवं संकाय सदस्यों के साथ चर्चा की।

